

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विकेट लेने के बाद जश्न मनाते हुए भारतीय खिलाड़ी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 71 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# ऑस्कर में भारत को पहली बार दो अवॉर्ड

## ऐतिहासिकः नाटू-नाटू को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग, द एलिफेंट व्हिस्परर्स बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री

**टीम एक्शन इंडिया/लॉस एंजलिस**
**95वीं** ऑस्कर सेरेमनी में पहली बार भारत को पहली बार दो अवॉर्ड मिले हैं। फिल्म आरआरआर के गाने नाटू-नाटू ने बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड जीता। वहीं, द एलिफेंट व्हिस्परर्स बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म बनी। हालांकि, डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म ऑल दैट ब्रीथ्स रेस से बाहर हो गई है। ऑस्कर अवॉर्ड में इन तीन कैटेगरी में भारत को नॉमिनेशन मिला था। नाटू-नाटू को इससे पहले गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड में बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का खिताब मिला था। ऑस्कर सेरेमनी में आरआरआर के नाटू-नाटू गाना लिखने वाले चंद्रबोस और कंपोजर एमएम कीरवानी ने ट्रॉफी ली। इस दौरान फिल्म के डायरेक्टर राजामौली पीछे बैठे रहे। आरआरआर का तेलुगु मीनिंग रौद्रम रानम रुधिरम और हिंदी में राइज रोर रिवोल्ट है। बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री चुनी गई द एलिफेंट व्हिस्परर्स की डायरेक्टर कार्तिकी गोंजाल्विस और प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने अवॉर्ड लिया। इस दौरान सेरेमनी में मौजूद दीपिका पादुकोण भावुक हो गईं। वे सेरेमनी के प्रेजेंटर के तौर पर पहुंची थीं। ऑस्कर सेरेमनी की शुरूआत भारतीय समय के मुताबिक सोमवार




सुबह साढ़ें 5 बजे अमेरिका के लॉस एंजेलस में हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर आरआरआर और द एलिफेंट व्हिस्परर्स के मेकर्स को बधाई दी है। उन्होंने कहा- 'असाधारण! 'नाटु नाटु' की लोकप्रियता वैश्विक है। यह एक ऐसा गाना है, जिसे आने वाले सालों तक याद रखा जाएगा। इस सम्मान के लिए एमएम कीरवानी और चंद्रबोस समेत पूरी टीम को बधाई। भारत प्रफुल्लित और गौरवान्वित है'।

**गुनीत बोलीं- भारत के लिए 2 महिलाओं ने कर दिखायाः** द एलिफेंट व्हिस्परर्स को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म का अवॉर्ड मिलने पर प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने सोशल मीडिया पर लिखा- हमने अभी-अभी किसी भी इंडियन प्रोडक्शन के लिए पहला ऑस्कर जीता है। दो महिलाओं ने ये कर दिखाया। मैं अभी तक कांप रही हूं। वहीं डायरेक्टर कार्तिकी गोंजाल्वेस ने लिखा- यह अवॉर्ड मेरी मातृभूमि भारत के लिए।


**गुनीत की दूसरी डॉक्यूमेंट्री को मिला ऑस्करः** द एलिफेंट व्हिस्परर्स गुनीत की दूसरी फिल्म है, जिसे ऑस्कर अवॉर्ड मिला है। इस फिल्म की कहानी दक्षिण भारत के कपल बोमन और बेली की है, जो एक रघु नाम के अनाथ छोटे हाथी की देखभाल करते हैं। इस फिल्म के जरिए इंसान और जानवरों के बीच की बॉन्डिंग को दिखाया गया है। इससे पहले उनकी फिल्म पीरियड एंड ऑफ सेंटेंस को 2019 में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शार्ट फिल्म की कैटेगरी में ऑस्कर अवॉर्ड मिला था।

## ब्रह्मोस एयरोस्पेस से 20 लाख करोड़ की डील करेगी नेवी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** नौसेना जल्द ही ब्रह्मोस एयरोस्पेस के साथ 20 लाख करोड़ रुपए की डील साइन करने वाली है। नेवी इस कंपनी से 200 से ज्यादा ब्रह्मोस सुपरसॉनिक क्रूज मिसाइल खरीदने वाली है। अधिकतर स्वदेशी कंटेंट वाली ये मिसाइल भारतीय नौसेना के सभी फ्रंटलाइन वॉरशिप्स पर तैनात की जाएंगी। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस की साझेदारी वाली कंपनी है। इस कंपनी ने हाल ही में मिसाइल की टेस्ट फायरिंग की थी।
इस मिसाइल पर स्वेदशी सीकर भी तैनात किया जाएगा। मिसाइल सीकर वह सिस्टम होता है जो मिसाइल को सही ट्रैजेक्टरी पर गाइड करता है, ताकि मिसाइल सही निशाने पर लगे।

## 5 साल तक सहमति से बने संबंध रेप नहीं: हाईकोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि 5 सालों तक महिला की सहमति से बनाए गए शारीरिक संबंधों को रेप नहीं कहा जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने एक युवक पर लगे एक्स गर्लफ्रेंड के रेप के आरोप को खारिज कर दिया। हालांकि कोर्ट ने कहा है कि उसपर सेक्शन 323 और सेक्शन 506 के तहत मामला चलता रहेगा।

**शादी ना करने पर एक्स गर्लफ्रेंड ने लगाया था रेप का आरोप:** बेंगलुरु के मल्लिकार्जुन देसाई पर उसकी एक्स गर्लफ्रेंड ने रेप और क्रिमिनल ब्रीच ऑफ ट्रस्ट का आरोप लगाया था। वे दोनों पिछले 5 साल से रिलेशनशिप में थे। युवती ने कहा कि रिलेशनशिप के दौरान युवक ने शादी का वादा कर उससे शारीरिक संबंध बनाए थे, लेकिन बाद में शादी से इनकार कर दिया, इसलिए ये रेप है।

## अखिलेश यादव को सुप्रीम कोर्ट से राहत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर** प्रदेश के दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह, पूर्व सीएम अखिलेश यादव और उनके भाई प्रतीक यादव को आय से अधिक संपत्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सोमवार को इन आरोपों की प्रारंभिक जांच बंद करने की सीबीआई रिपोर्ट की कॉपी मांगने वाली याचिका खारिज कर दी। इतना ही नहीं, शीर्ष अदालत ने सीबीआई की 2013 की क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी भी दे दी। गौरतलब है कि सीबीआई द्वारा मामले को बंद करने को लेकर कांग्रेस के नेता विश्वनाथ चतुर्वेदी ने याचिका दाखिल की थी। मामले में सुनवाई के दौरान दलीलें सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने कहा कि 'केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने पहले ही 7 अगस्त, 2013 को इन आरोपों की जांच बंद कर दी थी ऐसे में इस याचिका में कोई दम नहीं है।

# संसद में घमासान

## राहुल के दिए बयान पर संसद में हंगामा, भाजपा बोली- माफी मांगें, खड़गे ने कहा- हम विक्रम बेताल की तरह पीछा नहीं छोड़ेंगे

### दोनों पक्ष अड़े

= संसद के दोनों सदनों में राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान को लेकर भाजपा ने माफी की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संसद** के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू होते ही हंगामे की भेंट चढ़ गया। संसद के दोनों सदनों में राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान को लेकर भाजपा ने माफी की मांग की। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार अडानी मुद्दे पर जांच से भाग रही। हमारी बात नहीं सुनी जाती। हम विक्रम बेताल की तरह पीछा नहीं छोड़ेगे। विपक्ष के नेता अडानी मुद्दे पर बेल में आ गए और जेपीसी की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। हंगामे को देखते हुए दोनों सदनों को दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दिया गया। दो बजे बाद भी हंगामा जारी रहा। इस पर दोनों सदनों की कार्रवाई मंगलवार तक स्थगित कर दी गई। बता दें कि इस महीने की शुरूआत में राहुल गांधी लंदन दौरे पर थे। यहां उन्होंने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में कहा था कि संसद में माइक बंद



### कांग्रेस ने देशभर में किया प्रदर्शन

**अडाणी**-हिंडनबर्ग मामले पर कांग्रेस ने देश के अलग-अलग राज्यों में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा समेत तमाम राज्यों की राज्य कांग्रेस कमेटियों ने राजभवन का घेराव किया। राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योगपति गौतम अडाणी पर निशाना साधते हुए उनकी तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से कर दी।

### लोस-रास में राहुल से माफी की मांग

**लोकसभा** और राज्यसभा दोनों सदनों में राहुल गांधी से माफी की मांग की गई। लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने लंदन में भारत का अपमान किया है। मैं मांग करता हूं कि उनके बयानों की इस सदन के सभी सदस्यों को निंदा करनी चाहिए। उन्हें सदन के सामने माफी मांगने के लिए कहा जाए। वहीं राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि राहुल ने देश की गरिमा को गिराया है।

कर दिए जाते हैं। विपक्ष अपनी आवाज नहीं रख सकता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का कोई नेता किसी भी यूनिवर्सिटी में बोल नहीं सकता है।

**राहुल गांधी का बयान अपने हिसाब से पेश कर रही भाजपाः** इधर, सत्ता पक्ष के बयान को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी पलटवार किया है। खड़गे ने कहा- भाजपा के नेता खुद लोकतंत्र को कुचल रहे हैं और हर एजेंसी का गलत उपयोग कर रहे हैं।

## समलैंगिक विवाह से जुड़ी याचिकाओं पर संविधान पीठ करेगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से जुड़ी याचिकाओं को संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। पांच जजों की पीठ मामले पर अब 18 अप्रैल को सुनवाई करेगी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में समलैंगिक विवाह के मामले में केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि प्यार, अभिव्यक्ति और पसंद की स्वतंत्रता का अधिकार पहले से ही बरकरार है और कोई भी उस अधिकार में हस्तक्षेप नहीं कर रहा है, लेकिन इसका मतलब शादी के अधिकार को प्रदान करना नहीं है। एसजी मेहता ने कहा कि जिस क्षण समलैंगिक विवाह को मान्यता दी जाएगी।

# रक्षा मंत्रालय कानून हाथ में नहीं ले सकता: सुप्रीम कोर्ट

## वन रैंक वन पेंशन पर अधिसूचना हमारे आदेशों के खिलाफ, वापस लें तभी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने 25 लाख पूर्व सैनिकों की बकाया पेंशन का भुगतान चार किश्तों में करने के रक्षा मंत्रालय के नोटिफिकेशन पर तल्ख टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रक्षा मंत्रालय कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता। रक्षा सचिव 20 जनवरी को जारी किया नोटिफिकेशन तत्काल वापस लें। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 9 जनवरी को वन रैंक वन पेंशन का कुल बकाया चुकाने के लिए केंद्र को 15 मार्च तक का समय दिया था। लेकिन 20




### निर्देश

= सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रक्षा मंत्रालय कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता। रक्षा सचिव जारी किया नोटिफिकेशन तत्काल वापस लें

जनवरी को मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी की कि बकाया भुगतान चार किश्तों में किया जाएगा। इसके बाद भारतीय पूर्व सैनिक आंदोलन ने एक याचिका लगाई जिसमें रक्षा मंत्रालय के नोटिफिकेशन को रद्द करने की मांग की गई थी।

**रक्षा मंत्रालय ने क्यों चुना किश्तों में भुगतान का तरीकाः** रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक जुलाई 2014 के बाद सेवानिवृत्त हुए सैनिकों को मिलाकर लाभार्थियों की संख्या 25 लाख पार हो चुकी है। इससे सरकार पर 8,450 करोड़ रु. का अतिरिक्त भार पड़ेगा।




## अहमदाबाद टेस्ट हुआ ड्रॉ, भारत का ट्रॉफी पर कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेला जा रहा चौथा और अंतिम टेस्ट मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया। पहली पारी में 91 रनों से पिछड़ी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने चायकाल के बाद अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 175 रन बनाए लिए थे और 84 रनों की बढ़त भी हासिल कर ली थी, तभी दोनों टीमों के कप्तानों की आपसी सहमति से मैच को बिना किसी नतीजे के समाप्त घोषित कर दिया गया। मैच



जिस समय ड्रॉ घोषित किया गया, उस समय मार्नस लाबुशेन 63 और कप्तान स्टीव स्मिथ 10 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैच के पांचवें और आखिरी दिन ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में पहला झटका मैथ्यू कुहनेमन के रूप में लगा, जो चोटिल उस्मान ख्वाजा की जगह पारी की शुरूआत करने उतरे थे। कुहनेमन 6 रन बनाकर रविचंद्रन अश्विन का शिकार बने। इसके बाद ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन ने दूसरे विकेट के लिए 139 रन जोड़े। हेड शतक से चूक गए और 153 के कुल स्कोर पर 90 रन बनाकर अक्षर पटेल की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद स्मिथ और लाबुशेन ने ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 175 तक पहुंचाया और इसी स्कोर पर दोनों टीमों के कप्तानों की आपसी सहमति से मैच को बिना किसी नतीजे के समाप्त घोषित कर दिया गया।

## गोवा के पर्यटकों पर तलवारों और चाकुओं से हमला

**टीम एक्शन इंडिया/पणजी**
**गोवा** का नाम सुनते ही लोगों के दिमाग में मौज-मस्ती की बातें आती हैं। लोग वहां जाकर बीच की तस्वीरें साझा करते हैं, लेकिन दिल्ली के एक परिवार ने गोवा जाकर कई हैरान कर देने वाली तस्वीरें पोस्ट की है। दरअसल, इस परिवार पर गोवा में जानलेवा हमला हुआ है। दिल्ली के यह परिवार बाकी लोगों की तरह गोवा में घूमने आया था, लेकिन इस दौरान परिवार के सदस्य जतिन पर हमला हो गया। जतिन अपने परिवार के साथ अंजुना के एक रिजॉर्ट में ठहरे थे, तभी उनपर कुछ बदमाशों ने तलवारों और चाकुओं से हमला कर दिया।

**वार्षिक रिपोर्ट** राजनयिक और सैन्य दोनों माध्यमों से चीन के साथ अपने जुड़ाव को बनाए रखा है

# 'चीन की वजह से एलएसी पर भंग हुई शांति'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विदेश** मंत्रालय ने सोमवार को जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 में कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा की यथास्थिति को बदलने के लिए चीन द्वारा जारी एकतरफा प्रयासों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित किया है।
विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने अप्रैल-मई 2020 से पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी पर यथास्थिति में एकतरफा बदलाव के कई प्रयास किए हैं, जिससे एलएसी पर शांति भंग हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन के इन प्रयासों का हमेशा भारतीय सशस्त्र बलों से



उचित जवाब मिला है। मंत्रालय के नीति नियोजन प्रभाग द्वारा तैयार विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के साथ भारत का जुड़ाव जटिल है। हालांकि, दोनों पक्ष अपने मतभेदों को प्रबंधित करने और किसी भी मुद्दे पर मतभेदों को विवाद नहीं बनने देने पर सहमत हुए हैं।

**सीमा क्षेत्रों में शांति बनाए रखना जरूरीः** इसके अलावा, दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि सीमा प्रश्न का अंतिम समाधान होने तक सीमा क्षेत्रों में शांति बनाए रखना द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए एक आवश्यक आधार है। दोनों पक्ष शांतिपूर्ण बातचीत के जरिए पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर मुद्दों को हल करने पर सहमत हुए हैं। सभी टकराव बिंदुओं से पूरी तरह से पीछे हटने और भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में जल्द से जल्द शांति की पूर्ण बहाली के लिए चीनी पक्ष के साथ चर्चा जारी है।

एमईए के अनुसार, भारत ने शेष मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने के लिए राजनयिक और सैन्य दोनों माध्यमों से चीन के साथ अपने जुड़ाव को बनाए रखा है ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और शांति बहाल की जा सके।

# युवा शक्ति का इस्तेमाल राष्ट्र निर्माण में होना चाहिए: अजय सोलंकी

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/एसपी जैरथ**

युवा सेवाएं एवं खेल विभाग हि.प्र. द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर सोमवार को नाहन में प्रारम्भ हुआ। नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने इस प्रशिक्षिण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। 13 मार्च से 17 मार्च तक चलने वाले इस शिविर में प्रदेश भर से करीब 150 युवा प्रतिभाग हिस्सा ले रहे हैं। विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि युवा वर्ग की विशेषता यह है कि युवा निस्वार्थ भावना से समाज और देश हित में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि युवा देश और प्रदेश का भविष्य है, इसलिए युवाओं का सही मार्गदशन



और प्रशिक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम युवा शक्ति का इस्तेमाल राष्ट्र और समाज निर्माण अधिक से अधिक कर सकते हैं, इसके लिए युवाओं मे नेतृत्व और कौशल विकास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु सरकार द्वारा प्रदेश में युवाओं के कौशल और नेतृत्व विकास के साथ-साथ रोजगारोन्मुखी योजनाएं चलाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि हमें आशा है कि इस शिविर से प्रशिक्षित होकर युवा वर्ग प्रदेश सरकार की योजनाओं को अपने-अपने क्षेत्र में युवा बंधुओं और समाज के बीच सांझा करेगा ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं की जानकारी हासिल कर सकें।

अजय सोलंकी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा टूरिज्म, कौशल विकास निगम, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, उद्योग आदि क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के लिए अच्छे अवसर उपलब्ध हैं, जहां पर युवा अपनी प्रतिभा का इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ते नशे के प्रचलन को युवा शक्ति के सहयोग से ही रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने के विषय को भी शामिल किया गया है। जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी संजय शुक्ला ने मुख्य अतिथि तथा शिविर में भाग ले रहे युवा प्रतिभागियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को विभिन्न विभागों के रिसोर्स पसर्न के माध्यम से सरकारी योजनाओं के अलावा स्वरोजगार सम्बन्धी जानकारी भी प्रदान की जाएगी। शिविर में बैंक प्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे हैं जो बैंकिंग प्रणाली के साथ ही युवाओं को वित्तीय जानकारियों भी प्रदान करेंगे। नगर परिषद नाहन के पार्षदगण योगेश गुप्ता, राकेश गर्ग, वीरेन्द्र पास्सी के अलावा कांग्रेस महासचिव नरेन्द्र तोमर और अमित शर्मा, संजय चौहान, शिव राज शर्मा, सुमित राजपूत, बिनेश राणा, अनुराग गोयल के अलावा युवा सेवाएं एवं खेल विभाग सिरमौर के कोच कवंर अभय, मनुज शमा, मून चौधरी, सहित आदि उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित होकर खाई में गिरी पिकअप, एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर की तहसील नौहराधार में गत सायं एक पिकअप एचपी 79-1843 के खाई में गिरी जिसमें एक 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान चरण दास पुत्र गुलाबू राम गांव अरलू ग्राम पंचायत भाटन भुजोंड तहसील नौहराधार के रूप में की गई है, जबकि 18 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र रणदीप गांव अरलू को टांग में चोट लगी है जिसे उपचार के लिए नौहराधार सीएचसी लाया गया था। गाड़ी मालिक और चालक देवेंद्र कुमार निवासी अरलू को कोई चोट नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत भाटन भुजोंड के गांव अरलू के दो मजदूर पिकअप में सवार होकर अपने गांव से लाना चेता की ओर मजदूरी करने जा रहे थे। चालक ने बोगधार के



समीप नियंत्रण खो दिया और पिकअप गहरी खाई में जा गिरी। बता दें की एक सप्ताह के भीतर यह दूसरा हादसा सामने आया है इससे पहले भवाई शिवपुर मार्ग पर कार दुर्घटनाग्रस्त हुई थी जिसमे तीन लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी। डीएसपी मुकेश कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस थाना संगड़ाह में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए संगड़ा लाया जा रहा है। उधर तहसीलदार नौहराधार सितेंद्र जीत ने बताया कि मृतक के परिवार को 20,000 राहत राशि जारी कर दी गई है और घायल को भी 5,000 की राहत राशि दी गई है।

## न्यूज फ्लैश

### पहली से आठवीं कक्षा तक सभी विद्यार्थियों को वर्दी के लिए मिलेगी 600 रुपये की राशि: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

राज्य सरकार ने पहली से आठवीं कक्षा तक के सभी लडकों व लड़कियों को निःशुल्क स्कूल वर्दी के लिए 600 रुपये प्रति विद्यार्थी प्रदान करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के लगभग 5.25 लाख विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। यह जानकारी मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को दी। उन्होंने कहा कि वर्दी की यह राशि विद्यार्थी अथवा उनकी माता के बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण डीबीटी के माध्यम से अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के माता-पिता का आर्थिक बोझ कम करने के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण से राशि सीधे लाभार्थी को भेजने से इसमें पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सदैव तत्पर है और उन्हें लाभान्वित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है और इसके दृष्टिगत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध ढंग से राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। इन मॉडर्न स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही विद्यार्थियों को उचित शैक्षणिक वातावरण और विभिन्न गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थान भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

### 17 मार्च के बजट में करुणामूलक आश्रितों के लिए अलग से बजट का प्रावधान करें सरकार : अजय कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

करुणामूलक संघ द्वारा करुणामूलक नौकरी बहाली के लिए संघर्ष जारी है। इसी कड़ी पर संघ व आश्रितों द्वारा प्रदेश सरकार को मेल और स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी बजट में प्रावधान करने के लिए सुझाव दिए गए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि सरकार आगामी 17 मार्च के बजट सत्र में इन करुणामूलक परिवारों के लिए राहत प्रदान करें वह इनके लिए अलग से बजट का प्रावधान करें। उन्होंने कहा कि करुणामूलक संघ समस्त आश्रितों सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से शिमला में भेंट कर चुके हैं। करुणामूलक संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से वातालार्प हुआ जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा इनकी मांगों को लेकर हामी भरी गई व मुख्यमंत्री द्वारा संघ को आश्वासन दिया गया था कि मार्च के बजट सत्र में करुणामूलक परिवारों के लिए अलग से बजट का प्रावधान प्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा। पूर्व सरकार के समय में भी संघ द्वारा लंबा संघर्ष किया जा चुका है। अब प्रदेश सरकार अपने बादो को अमल में लाए व करुणामूलक परिवारों के लिए किए गए वादों को धरातल पर उतारकर बजट सत्र में करुणामूलक परिवारों के लिए फैसला लेकर अलग से बजट का प्रावधान करें व हिमाचल प्रदेश के 3000 करुणामूलक परिवारों को नौकरियां देकर राहत प्रदान करें।

### रावी नदी में शव बरामद


**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

रावी नदी में एक युवक का शव बरामद हुआ है शव की पहचान चंबा निवासी के रूप में ही हुई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा पहुंचाया है। युवक के परिजनों के अनुसार युवक मानसिक रूप से पीड़ित था। मामले की पुष्टि एसपी चंबा अभिषेक यादव ने की है। जानकारी के अनुसार युवक ने रविवार को बालू पुल से नदी में छलांग लगा दी इसी बीच पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की एक युवक का शव रावी नदी के किनारे सरू के पास पड़ा है जिस पर पुलिस तुरंत कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंच गई तथा शव को अपने कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज लाया गया।

# भाजपा ने पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी को दी नगर निगम शिमला की कमान

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/एसपी जैरथ**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने शिमला नगर निगम के आगामी चुनावों को मद्देनजर रखते हुए चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया है। नगर निगम शिमला के चुनावों को लेकर चुनाव प्रभारी की कमान पूर्व मंत्री एवं पांवटा से भाजपा विधायक सुखराम चौधरी को सौंपी गई।चुनाव प्रबंधन समिति कुल 19 सदस्यों की है, इसमें प्रभारी सुखराम चौधरी के साथ सदस्य के रूप में पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, विधायक बलबीर वर्मा, शिमला संसदीय क्षेत्र प्रभारी पुरुषोत्तम गुलेरिया, सह प्रभारी शिशु भाई धर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, जिला शिमला की प्रभारी डेजी ठाकुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष



संजय सूद, पूर्व शिमला जिला अध्यक्ष रवि मेहता, जुब्बल कोटखाई से चेतन बरागटा, कसुंपटी से विजय ज्योति सेन, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी करण नंदा, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय श्याम, जिला अध्यक्ष शिमला विजय परमार, जिला अध्यक्ष महासू अरुण फ लटा, मंडल अध्यक्ष शिमला शहरी राजेश शारदा, मंडल अध्यक्ष कसुंपटी जितेंद्र भोटका, मंडल अध्यक्ष शिमला ग्रामीण दिनेश ठाकुर कार्य करेंगे।

# ठाकुर कौल सिंह के पौत्र विवाह समारोह में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/खेमचंद शास्त्री**

उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री रविवार देर शाम पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता ठाकुर कौल सिंह के पौत्र डॉ कुलकीर्ति सिंह ठाकुर के मंडी में आयोजित विवाह समारोह में शिरकत की।उप मुख्यमंत्री ने वर वधु को गृहस्थ जीवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता ठाकुर कौल सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर, मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार, आशीष बुटैल, विधायक राजेश धमार्णी, चंद्रशेखर, पूर्व मंत्री प्रकाश



चौधरी सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ टीम एक्शन इंडिया**

ट्रक ऑपरेटर्ज यूनियन रोहड़ू, जिला शिमला के अध्यक्ष बलबीर बांशटू ने गत दिवस को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 2.11 लाख रुपये की राशि का चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के योगदान से संकट की घड़ी में जरूरतमंदों की सहायता करने में मदद मिलती है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी कर्नल सेवानिवृत्त




कुलदीप सिंह बांशटू भी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**चंबा/हामिद**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला चंबा द्वारा सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियो के लिए मुंह, आंख, कान, गला, मुंह तथा आपात कालीन देखभाल के बारे में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जालम सिंह भारद्वाज ने की। इस प्रशिक्षण में जिला चंबा के सभी स्वास्थ्य खंडों के 25 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने भाग लिया।

# युवक ने मोटरसाईकिल पर हार्न की जगह लगा दिया पुलिस सायरन, पुलिस ने जब्त की बाईक



**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/एसपी जैरथ**

पावंटा साहिब में लगातार चोरी की घटनायें बढ़ रही हैं ऐसे में ट्रैफि क पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान के साथ लगातार वाहनों पर भी पैनी नजर रखे हैं। ऐसे ही पावंटा पुलिस के हाथ ऐसी बाईक लगी जिसपर हॉर्न की जगह पुलिस का सायरन बज गया। प्लेटिना बाईक पर पुलिस सायरन लगा दिया और ना नंबर प्लेट न कोई कागजात पुलिस को बाईक तब मिली जब ट्रैफिक पुलिस ने बहराल नाके पर इस बाइक को देखा तो वह भी हैरान रह गए। कहीं एके-47 लिखा हुआ तो कहीं एक से बढकर एक स्टीकर चिपकाए हुए मिले, हालांकि इसका एक वीडीओ डीएसपी रमाकांत ठाकुर ने भी शेयर किया है जिसमें बाईक को पूरी तरह से मॉडिफाई किया है। बिलासपुर हरियाणा का यह युवक बताया गया है जिसने अपनी बाईक पर पुलिस सायरन लगाया तो वही न कागज और न ही नंबर प्लेट बाईक थी। डीएसपी रमाकांत ठाकुर ने बताया की पुलिस ऐसी बाइक को इंपाउंड करती है और पुलिस स्टेशन ले जाती है। इसके अलावा इस तरीके की बाइक्स चोरी की घटनाओं में इस्तेमाल की जाती रही है।

# उपमुख्यमंत्री ने आनी विश्राम गृह में सुनी जन-समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/श्याम कुल्वी**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज मंडी प्रवास के दौरान आनी पहुंचने पर लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में जन समस्याएं सुनी।इस दौरान स्थानीय लोगों एवं कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का त्वरित निपटारा करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। अनौपचारिक रूप से मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि हिमाचल पथ



परिवहन निगम भारी घाटे में चल रहा है। इस घाटे की पूर्ति के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश इलेक्ट्रिक बसों की तरफ शिफ्ट करने जा रहा है जिसके लिए प्रदेश के अलग अलग हिस्सों में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन बनाए जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है ताकि प्रदेश का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर हिमाचल पथ परिवहन निगम यूनियन आनी के एक प्रतिनिधिमंडल एवं अन्य प्रतिनिधि मंडलों ने उप मुख्यमंत्री से भेंट कर अपनी समस्याओं से अवगत करवाया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्ण विचार कर समाधान किया जायेगा। आनी उपमंडल के ग्राम पंचायत कमांद पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उप मुख्यमंत्री स्वागत किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पूर्व भाजपा सरकार के नुमाइंदे अपनी नाकामी छुपाने के लिए कर रहे गुमराह: करतार सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/हामिद**

इन दिनों पूर्व भाजपा सरकार के नुमाइंदे अपनी नाकामी को छुपाने के लिए प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। पूर्व भाजपा सरकार वर्ष 2017 मे किए गए चुनावी वायदों को पूरा करने मे एकदम नाकाम साबित हुई थी। इसलिए ही प्रदेश की जनता जनार्दन ने भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाया। विपक्ष पर डिनोटिफ ाई मुद्दे पर पलटवार करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चम्बा के अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर ने कहा कि अभी प्रदेश कांग्रेस सरकार को बने हुए मात्र तीन महीने हुए है। चुनाव के दौरान चुनावी



घोषणापत्र मे उल्लेखित गांरटियो को धरातल पर उतरने मे कुछ समय लगना लाजमी है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के नुमाइंदे अभी जगह जगह रैलियों को आयोजित करके कांग्रेस सरकार से दस गांरटिया मांग रहे है तथा वह ये भूल गए है कि पिछली सरकार ने पांच सालों के कार्यकाल मे केंद्र सरकार से भारी भरकम ऋण लेकर प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था को कमजोर कर दिया है । वही चुनावी वर्ष मे भी वोट बैंक जुटाने के लिए आनन फानन मे सैंकड़ों संस्थान खोल दिए जबकि इसके लिए पर्याप्त बजट की बिलकुल भी व्यवस्था नहीं की। अब प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह जी द्वारा आर्थिक साख को सुदृढ़ करने के लिए प्रभावशाली निर्णय लिए गए है तो इन पर भाजपाई सिर्फ लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा की पांच वर्षो से हमीरपुर कर्मचारी आयोग मे पेपर बेचने का गोरखधंधा चल रहा थाए लाखों बेरोजगारों का भविष्य पूरी तरह से दाव पर लगाया जा रहा था तब ये भाजपा के नुमाइंदे कहाँ सोए थे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री गुड गवर्नेंस की बात कहते रहे लेकिन प्रदेश को आर्थिक रूप से पिछाड? के लिए सदा याद किए जाएगें। उन्होंने कहा कि ओपीएस पर कभी भी पूर्व सरकार ने अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं की जिस कारण पिछली सरकार मे कर्मचारी अपने हितों के लिए संघर्षशील रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है की मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह जी के वर्तमान मे लिए गए कड़े निर्णयों के फ लस्वरूप ही प्रदेश सरकार की आर्थिक स्थिति ठीक होगी, रोजगार के व्यापक अवसर मिलेगें और हरित नीति की बदौलत प्रदेश की गिनती उन्नत राज्यों मे होगीण उन्होंने कहा अभी भाजपा के नेताओं को सरकार का साथ देकर प्रदेश को आर्थिक घाटे से निकालने के लिए अपनी भागीदारी निभानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री जल्द ही अपना प्रथम बजट प्रस्तुत करने वाले है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि यह बजट एक अद्वितीय बजट होगा जिससे समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा जाएगा।

# नेहरू युवा केंद्र ने दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ किन्नौर/अनिल**

नेहरू युवा केंद्र किन्नौर के सौजन्य से दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ठाकुर सेन नेगी राजकीय महाविद्यालय रिकांग पीओ में 11 व 12 मार्च को करवाया गया जिसमें वॉलीबॉल, रस्साकस्सी, 100 तथा 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल में प्रथम स्थान कैलाश वारियर क्लब तांगलिंग और द्वितीय स्थान ब्लैक बुल्स ने प्राप्त किया। लड़कियों में प्रथम स्थान विकेंडस वारियर रिकांगपिओ और द्वितीय



स्थान गर्ल्स फ्रॉम चीने कल्पा ने प्राप्त किया। रस्साकस्सी में प्रथम स्थान महिला मंडल पांगी ने हासिल किया और द्वितीय स्थान महाविद्यालय के छात्रों ने हासिल किया। 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान निखिल, द्वितीय स्थान ऋषि और तीसरा स्थान विरेंद्र ने हासिल किया। 400 मीटर दौड़ में गौरव नेगी ने प्रथम स्थान, अभिषेक अक्षयान ने दूसरा स्थान और सुभाष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रोफेसर ज्ञान कुमार उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण पर बल दिया

## 14वां जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गत दिवस को ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में 12 मार्च से 18 मार्च, 2023 तक नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा आयोजित किए जा रहे 14वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अवसर पर सम्बोधित करते हुए कहा कि इस तरह के संवाद व आदान-प्रदान कार्यक्रमों के माध्यम से देश की सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत, परम्पराओं एवं अर्थव्यवस्था की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने जनजातीय समाज को आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ भारत निर्माण के लिए अपने कर्तव्य का पूर्ण समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। नेहरू युवा केंद्र संगठन, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न जिलों, विशेषकर छत्तीसगढ़, झारखंड,



मध्यप्रदेश तथा उड़ीसा के लगभग 200 जनजातीय युवा भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस तथा सशस्त्र सीमा बल के 20 जवान ने भी कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। राज्यपाल ने इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सभ्यता को प्रदर्शित करने वाले युवाओं के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पिछले 75 वर्षो में भारत में हुए विकास के प्रति व्यापक जागरूकता की परिकल्पना की गई है। यह कार्यक्रम जनजातीय युवाओं को विविधता में एकता की अवधारणा को अपनाने और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि देश के अगले 25 वर्ष की यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृत काल कहा है। उन्होंने कहा कि इस अमृतकाल के पांच संकल्पों में विकसित भारत, गुलामी की प्रत्येक सोच से स्वतंत्रता, विरासत पर गौरव, एकता तथा आपसी प्रेम और नागरिकों द्वारा अपने कर्तव्य निभाना शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को इन संकल्पों के कार्यान्वयन में अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अमृतकाल के दौरान हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों की आशाओं को पूर्ण करने के लिए हमें तीव्र गति से कार्य करने की आवश्यकता है तथा इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी के प्रयास तथा सभी के कर्तव्य की भावना के साथ आगे बढ?ा होगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय क्षेत्रों के लोगों ने सर्वोच्च बलिदान दिया है।कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्यपाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति, परम्पराओं तथा रीति-रिवाजों का आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जनजातीय युवाओं को अन्य जनजातीय जिलों का भ्रमण भी करना चाहिए ताकि एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना साकार हो सके।

## नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के सौजन्य से स्वछता श्रम दान कार्यक्र का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के सौजन्य एवं जिला युवा अधिकारी दीपमाला के दिशा-निर्देश मे स्वछता श्रम दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गाँव खुराहल बिकासखंड भोरंज में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में युवा मंडल खुराहल के 25 युवाओ ने एवं महिलाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम में गाँव की वावडी की साफ -सफ ाई एवं आस पास के रास्ते की साफ -सफ ाई की गई। पहले चरण में वावडी तक जाने के रास्ते की साफ -सफ ाई की। वावडी के चारों और जो खरपतवार था उसे हटाया। सभी ने अगले चरण में वावडी के अंदर की साफ -सफाई की। गांव वालों ने कहा कि यदि प्राचीन जल स्त्रोतों को इसी तरह संरक्षण मिलता रहा तो आने वाले समय में पानी के सत्रोत लुपत होने से बच सकते है। सभी ने प्लास्टिक का उपयोग न करने कचरे से खाद बनाने व जल संरक्षण के लिए भी शपथ ली।

## नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के तत्वाधान से चलाया गया स्वच्छता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/श्याम कुल्वी**



नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ब्लॉक नगर के ग्राम पंचायत काइस वार्ड नंबर 2 धोगी नाला गांव धोगि नाला और सेउबाग के महिला मंडल भंडारी नारी शक्ति, स्वयं सहायता समूह धरोगी नाला तथा दशमी वारदा समूह धरोगी नाला की महिलाओं द्वारा गांव परिसर से कूड़ा इक्ा किया गया तथा पूरे गांव की सफाई की गई। इसके साथ ही नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के स्वयं स्वयंसेवियों द्वारा सभी महिलाओं को नेहरू युवा केंद्र के विषय में जानकारी दी गई। स्वच्छता के दौरान वार्ड पंच राजेश कुमार महिला मंडल प्रधान नैना देवी और सचिव कोमल स्वयं सहायता समूह की प्रधान त्वारसी और नैना देवी सचिव चित्र रेखा और महिला मंडल तथा स्वयं सहायता समूह के अन्य सदस्य राधा, गुरदासी, निशा, बिना, सुनीता, बिमला, रीना, चंद्रकला, दमयंती, तारा देवी, रीना देवी बिमला देवी, हुकमी उपस्थित रहे। यह सभी कार्य जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा के निर्देशानुसार किए गए।

## मुस्कान इंजीनियरिंग बेला बाथड़ी में भरें जाएंगे विभिन्न पद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

मैसर्ज मुस्कान इंजीनियरिंग बेला बाथड़ी द्वारा विभिन्न पद अधिसूचित किए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी ऊना अनीता गौतम ने बताया कि इन पदों में वायर कट मशीन ऑप्रेटर का एक पद, हेल्पर के तीन पद, सिलिंड्रिकल मशीन ऑप्रेटर के दो पद, सीएनसी मशीन ऑप्रेटर का एक पद व टर्नर/ल मशीन ऑप्रेटर के तीन पद शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन पदो के लिए साक्षात्कार 15 मार्च को प्रातः 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना के सभागार में आयोजित होगा। अनीता गौतम ने बताया कि वायर कट मशीन ऑप्रेटर पद के लिए शैक्षणिक योग्यता मशीनिस्ट ट्रेड में आईटीआई या दो साल का अनुभव होने के साथ-साथ अभ्यर्थी की आयु 20 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। हेल्पर के पद हेतू 8वीं पास तथा आयु 18 से 40 वर्ष, सिलिंड्रिकल मशीन ऑप्रेटर पद के लिए आयु सीमा 23 से 50 वर्ष और टर्नर/ल मशीन ऑप्रेटर व सीएनसी मशीन ऑप्रेटर पद के लिए आयु 18 से 45 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता मशीनिस्ट ट्रेड में आईटीआई या दो साल का अनुभव होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार में आने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## डॉक्टरों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिला

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**



मुख्यमंत्री निवास ओक ओवर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बेरोजगार डेंटल डॉक्टरों का प्रतिनिधिमंडल मिला। उन्होंने मुख्यमंत्री से नौकरी के बारे में निवेदन किया और बताया कि वो 2003 से बीडीएस कर के बेरोजगार हैं। अभी 104 डेंटल सर्जन की पोस्ट की नोटिफिकेशन पर रिव्यू चल रहा है।।2003-2004 बैच के डॉक्टर जल्द ही 45 साल के होने वाले हैं और फिर उनका नौकरी का सपना कभी पूरा नहीं हो पाएगा और वो प्रदेश के लोगों किनको सेवा करना चाहते हैं उससे वंचित रह जाएंगे। इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि आप जल्द से डेंटल सर्जन की बैचवाइज भर्ती करवाएं ताकि हम लोग प्रदेश के लोगों की सेवा कर सकें। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बड़े ध्यान से उनकी बात सुनी और मसले को समझा और जल्द ही कारवाई करने का आश्वासन दिया। डा. शिवानी गुप्ता, डा. दीपक शर्मा, डा. अक्षी पठानिया, डा. दीपशिखा, डा. कुलवंत, डा. अमित शर्मा, डा. अतुल गुप्ता ने उनका धन्यवाद किया और जल्द कार्य होने के उम्मीद की।

## सर्वोच्च न्यायालय का सम्मान करें शिक्षा विभागः सबीर खान



**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/खेमचंद शास्त्री**

जिला मुख्यालय मंडी में जेबीटी, डीएलएड प्रशिक्षित बेरोजगार संघ जिला कमेटी मण्डी के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम मण्डी के माध्यम से शिक्षा मंत्री को ज्ञापन पत्र भेजा।

जिला अध्यक्ष सबीर खान ने कहा कि प्रारंभिक जिला शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय की ओर से शुरू की गई जेबीटी भर्ती का विरोध मण्डी जिला के डीएलएड शिक्षण प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षु निरंतर कर रहे हैं। आज जिला कमेटी के प्रतिनिधित्व में छात्रों ने एक ज्ञापन पत्र शिक्षा मंत्री को भेजा है जिसके माध्यम से मांग की गई कि प्रारंभिक जिला शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय की ओर से शुरू की गई जेबीटी बैच वाइज भर्ती में बीएड डिग्री धारकों को शामिल ना किया जाए क्योंकि इसका विरोध प्रदेश के सभी डीएलएड शिक्षण प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षु कक्षाओं का बहिष्कार कर के कर रहे हैं। ऊपर से यह मामला अभी सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन भी है और जिसका परिणाम कभी भी आ सकता है। इस ज्ञापन के माध्यम से हमारी मांग यह है कि सर्वोच्च न्यायलय के अंतिम फैसले तक शिक्षा विभाग को जेबीटी बैच वाइस भर्ती में बीएड डिग्री धारकों को शामिल नहीं करना चाहिए और पुराने आरएंडपी रूल्स पर आधारित ही भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाए।उन्होंने बताया कि जेबीटी बैच वाइस भर्ती के विरोध स्वरूप कल सेरी मंच से लेकर जिला उप निदेशक प्राथमिक शिक्षा विभाग कार्यालय तक एक शांति पूर्ण रोष रैली निकाल रहें हैं तथा प्राथमिक शिक्षा जिला उपनिदेशक के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन पत्र सौपेंगे और जेबीटी के साथ हो रहे शोषण व कैसे उनके हकों को छीना जा रहा है आदि समस्याओं से अवगत करवाएंगे।

## युवाओं के कौशल विकास के लिए सरकार ने शुरू किये अनेक कार्यक्रमः अजय सोलंकी

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

संकल्प के तहत हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा खंड स्तरीय कौशल उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला मुख्यालय नाहन में किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक अजय सोलंकी ने कार्यक्रम में उपस्थिति प्रतिभागियों को कौशल विकास निगम द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों और कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिमाचल सरकार द्वारा युवाओं के कौशल विकास के लिए कई प्रोग्राम शुरू किये है ताकि युवा नौकरी के अलावा स्वरोजगार अपना सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेकों



महत्वपूर्ण योजनाएं चला गई है जिसमें शगुन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, विधवा पुनर्विवाह जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए सराहनीय कदम हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों के साथ समाज के हर वर्ग को महिला कल्याणकारी योजनाओं के सही कार्यान्वयन के लिए भरपूर सहयोग देना चाहिए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी और कौशल विकास निगम की ओर से विधायक को शॉल और टोपी भेंट कर सम्मानित भी किया गया।कौशल विकास निगम की जिला समन्वयक मोनिका ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यो पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए महिलाओं को अपनी रूचि और जरूरत के अनुरूप अपने कौशल विकास के लिए आगे बढ? का आग्रह किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोम दत्त, जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा, जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा, बाल संरक्षण अधिकारी रमा रेटका के अलावा बाल विकास परियोजना के अन्य अधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं और युवाओं को कौशल योजनाओं, रोजगार और उद्यमिता के बारे में अवगत कराया गया।

## पर्वतारोही अमित नेगी ने मुख्यमंत्री से भेंट की

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**

पर्वतारोही अमित नेगी ने गत दिवस को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि 15 मार्च, 2023 से वह 8091 मीटर ऊंचे अन्नापूर्णा पर्वत, मकालू पर्वत 8481 मीटर, ल्होत्से पर्वत 8516 मीटर और 8167 मीटर ऊंचे धौलागिरी शिखर का पर्वतारोहण करेंगे।मुख्यमंत्री ने उन्हें आगामी अभियानों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह देश व प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।अमित नेगी ने वर्ष



2021 में माउंट एवरेस्ट फतेह किया था। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह जिला किन्नौर से पहले युवा हैं।इस अवसर पर बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक सुरेश कुमार, नीरज नय्यर एवं रवि ठाकुर भी उपस्थित थे।

## कुल्लू विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश भर में आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाया जायेगाः सुंदर ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/श्याम कुल्वी**

कुल्लू विधान सभा क्षेत्र को विकास की दृष्टि से प्रदेश भर में आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाया जायेगा। यह जानकारी मुख्य संसदीय सचिव ऊर्जा, पर्यटन, वन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने मझार ग्राम पंचायत के डुबकण में जनसभा को सम्बोधित करते हुए दी। मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने आज कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में 7 करोड़ 81 लाख रुपये की तीन सडक परियोजनाओं का भूमि पूजन कियाए जिनमें नवार्ड के तहत 2 करोड़ 53 लाख रुपये से निर्मित होने वाला भल्यानी लिंक रोड़ए नवार्ड के अंतर्गत 5 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से बनने वाली डुगीलग से डूबकण सडक व अनुसूचित जाति विशेष घटक योजना के तहत निर्मित होने वाली ब्राधा से गाहर शधारा सडक शामिल हैं।सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि सडक, शिक्षा व स्वास्थ्य प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है ।वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों को सडक सुविधा से जुड? के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुख्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान रही है। प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सडक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अनेक कार्यक्रम व योजनाएं आरंभ की गई है जिनके कार्यान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों को सडक नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित बनाया जाएगा उन्होंने कहा कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा ताकि युवाओं को उनके घर द्वार के निकट रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके।

## सुक्खू लॉक प्रिय मुख्यमंत्री : नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा जिला शिमला द्वारा आक्रोश रैली का आयोजन किया गया इस रैली में मुख्य रुप से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार, भाजपा महामंत्री राकेश जमवाल, जिला अध्यक्ष विजय परमार, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, संजय सूद और रवि मेहता विशेष रूप से उपस्थित रहे। भाजपा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल के लॉक प्रिय मुख्यमंत्री है। जब से उन्होंने सत्ता संभाली है तब से केवल संस्थानों पर ताले लगाने का कार्य कर रहे हैं यह कांग्रेस



सरकार।उन्होंने कहा कि इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि पहला बजट अभी पेश नहीं हुआ पर सरकार का हाल ऐसा लग रहा है कि सरकार का अंतिम वर्ष चल रहा है ।जनता सडकों पर है और लोगों में आक्रोश और निराशा का माहौल है, इतनी देर आशा जनता में हमने आज तक नहीं देखी। उन्होंने कहा कि 25 साल से मैंने हिमाचल प्रदेश में इतना निराशा का माहौल नहीं देखा, उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार का शपथ ग्रहण सम्हारो 11 दिसंबर, 2022 को हुआ और 12 दिसंबर से इस सरकार ने बदला बदली के साथ काम करना शुरू कर दिया। हमने सोचा कि यह अनुचित कार्य सरकार से गलती से हो गया है, पर जब हमने सरकार से बात की तो हमने यह देखा कि सरकार ने सोच-समझकर किया है। सरकार एक षड्यंत्रकारी सरकार कार्य कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा की अरे हमें यह समझ नहीं आ रहा है कि सरकार के एडवाइजर कौन है, आज प्रदेश में 620 से अधिक सरकारी संस्थान बंद हो चुके है,19 डिग्री कॉलेज बंद कर दिए हैं और 286 स्कूल बंद हो गए है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सारे संस्थानों को गरीबों के हक में खोला था, इस कांग्रेस सरकार ने संस्थानों को बंद कर दिया इसका मतलब यह सरकार गरीबों के पक्ष में नहीं है । उन्होंने कहा कि यह सरकार व्यवस्था परिवर्तन की बात करती है, हिमाचल एक छोटा सा प्रदेश है और यहां एक उप मुख्यमंत्री बनने की क्या आवश्यकता पड़ गई। शायद इसी का नाम सरकार के लिए व्यवस्था परिवर्तन है, मुख्यमंत्री आपने साथी मित्रों को कैबिनेट रैंक की पोस्ट देने के मगन है और इनकी पार्टी के नेता अभी अपनी पोस्टिंग के इंतजार में ही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सरकार की स्थिति स्थिर नहीं है, जिस प्रकार से इस सरकार के विधायक अपनी सरकार के विरुद्ध भी बोल रहे चीजे ठीक नही लग रही।

## अज्ञात कारणों के चलते महिला ने निगला जहरीला पदार्थ

**ऊना/राजन पुरी**

सदर थाना ऊना के तहत गांव लमलैहड़ी में 30 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ निगल लिया है। महिला की तबीयत बिगड़ते देख परिजनों के द्वारा उपचार कि लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया। जहां पर वह उपचारधीन है। वहीं पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव लमलैहड़ी निवासी प्रवीण कुमारी पत्नी सिकंदर सिंह ने रविवार देर शाम को अज्ञात कारणों के चलते कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे महिला की तबीयत बिगड़ गई।

## न्यूज फ्लैश

### अजय चौटाला के जन्मदिन पर युवाओं ने किया बढ़-चढ़कर रक्तदान, 209 यूनिट रक्त एकत्रित

**नारनौल/**
**जननायक जनता** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला के 62वें जन्मदिन पर निजामपुर रोड स्थित न्यू सिटी मैरिज पैलेस में जजपा के कार्यक्रम के संयोजक जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली द्वारा लगातार 16वां विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसका जजपा की राष्ट्रीय महासचिव एवं नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने रिबन काटकर तो प्रदेश महासचिव मंजू चौधरी एवं जिलाध्यक्ष एडवोकेट तेजप्रकाश यादव ने सभी साथियों के साथ मिलकर 62 किलो का केक काटा और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके डा. चौटाला को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीघार्यु की कामना की गई। युवाओं ने स्वेच्छा से कुल 209 यूनिट रक्तदान किया, जिसमें से 86 यूनिट नारनौल ब्लड बैंक तथा 123 यूनिट इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी दिल्ली को दी गई। रक्तदाता और भी थे, लेकिन रक्त एकत्रित करने वाली यूनिटों ने रक्त ज्यादा होने पर लेने से मना कर दिया।
शिविर आयोजक एवं इंडियन रैडक्रॉस सोसायटी के सदस्य सिकंदर गहली ने कहा कि रक्तदान महादान है, जिसका पूरे विश्व में कोई विकल्प तैयार नहीं हो पाया है। जरूरत पड? पर मनुष्य का रक्त ही मनुष्य को बचा सकता है। जाट महासभा के प्रधान एडवोकेट विजयपाल ने रक्तदान शिविर आयोजित करने पर जजपा नेता सिकंदर गहली की खूब तारीफ की और उन्हें युवाओं का प्रेरणा स्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई धर्म नहीं है।
इस मौके पर नागरिक अस्पताल की ब्लड बैंक की टीम में डा. शिवांगी पाराशर, एलटी नरेंद्र, विनोद राव एवं दीपक थे, जबकि इंडियन रेडक्रॉस दिल्ली की टीम में डा. अनुराग, सतीा दुबे, नितिन एवं भूवन शामिल थे। नारनौल रेडक्रॉस की टीम में डा. एसपी सिंह, सुभाष गुप्ता एवं राजकुमार व्यास ने रक्त एकत्रित करने में मदद की।
कार्यक्रम में जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कंवर सिंह कलवाड़ी, प्रदेश महासचिव अशोक सैनी, युवा जिलाध्यक्ष अभय गुर्जर, उप जिला प्रमुख भीमसिंह एवं उनकी माता सावित्री, जिला पार्षद सचिन, पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह चंदेला, हलका अध्यक्ष संजीव तंवर, रामकुमार मकसूसपुरिया, हरचंद तोबड़ा, डा. मनीष शर्मा, बजरंग लाल अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि सुमेर कांडा, नगर पार्षद संदीप भांखर, वीरेंद्र नंबरदार, वीरेंद्र घाटासेर, अजय एडवोकेट, प्रमोद ताखर, डा. कमल, विजय छिलरो, धर्मबीर यादव, ओम गहली, धर्मपाल बडेसरा, संजय यादव, विष्णु डाबड़, नवीन राव, हरिमोहन पहलवान, मनीष शर्मा, महेंद्र सैनी, राजबीर बडेसरा, अमित, चैनसुख तोताहेड़ी, मुकेश मित्तल, हिमांशु सैनी, महीपाल हुडीना, संदीप हुडीना, कृष्ण नीरपुर, दीपक यादव, मनीष गुर्जर, बिल्लू बापड़ोली, प्रवीण, संदीप, देवेंद्र, रवि, सुनील श्योराण, शेरू चौधरी, संजय बावल, नितिश त्रिपाठी, विक्रम पंच, कर्णसिंह, दिलबाग ढिल्लो, अग्रिपाल, रॉकी, आदित्य व अरुण आदि मौजूद थे। मछली फाटक

### फ्लाईओवर पर चलती बाईक में लगी आग, युवक की जान बची

**मथुरा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मछली फाटक फ्लाईओवर पर चलते-चलते अचानक पल्सर बाइक में आग लग गई। जैसे तैसे करके बाइक सवार ने अपनी जान बचाई । बताया जाता है कि हाईवे क्षेत्र के आनंदवन निवासी एक बाइक सवार युवक टैंक चौराहे की तरफ जा रहा था। तभी अचानक उसकी पल्सर बाइक में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। कुछ ही सेकंड में बाइक धू-धू कर जलने लगी। बाइक सवार युवक समय रहते बाइक को साइड में छोड़ कर उतर कर भाग गया। पुल की सड़क पर आग की लपट को देख ट्रेफिक रूक गया। जिससे आने जाने वाले वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

### सोनालीका ने फरवरी 2023 तक बेचे सर्वाधिक 1,37,344 ट्रैक्टर

**चंडीगढ़:** ट्रेक्टर की अग्रणीय कंपनी सोनालीका ने फरवरी 2023 तक अब तक की सर्वाधिक 1,37,344 कुल ट्रेक्टरों की बिक्री दर्ज की है और अब तक की सर्वाधिक 14.1 का मार्केट शेयर भी हासिल किया है। वित्त वर्ष 2023 के अंतिम चरण में इस तरह की बेजोड़ उपलब्धि यह दशार्ती है कि सोनालीका किसानों के साथ आगे बढ़ने और उनकी उभरती मांगों को पूरा करने के लिये निरंतर प्रतिबद्ध है। इस उपलब्धि पर अपने विचार व्यक्त करते हुये इंटरनैशनल ट्रेक्टर्स लिमेटिड ने कहा कि उत्पाद की गुणवत्ता को किसानों की पहली और सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता मानते हुये कंपनी लगातार परिवर्तन कर रही है। उन्होंनें बताया कि लगातार चैथे साल, रबी खाद्यान उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है और दिलचस्प बात यह है कि कुछ बाजारों में इसकी फसल की कीमत एमएसपी से भी अधिक है जबकि इनपुट लागत लगभग स्थिर रही है।



# गैस बर्नरों के स्टालों पर रही उद्यमियों की भीड़

## फैक्टरी में पीएनजी व एलपीजी का प्रयोग करने के लिये लगाने पड़ते है गैस बर्नर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/बिजेंद्र सिंह**
**वायु गुणवता** प्रबंधन आयोग के आदेशानुसार पानीपत जिला में कोयला से चलने वाले सभी उद्योग जहां पर पीएनजी पाईप लाईन उपलब्ध है, वहां पर गत वर्ष 30 सितंबर और जहां पर पीएनजी की लाईन नहीं थी तो वहां पर 31 दिसंबर को बंद हो चुके है। पानीपत के कोयले से चलने वाले सभी उद्योग अब पीएनजी व एलपीजी और बायोमास फ्यूल पर चल रहे है। उद्यमियों द्वारा अपनी फैक्टरियों में पीएनजी व एलपीजी का प्रयोग करने से गैस बर्नरों की डिमांड पिछले कई माह से बढ़ी हुई है। वहीं अब पानीपत की नई अनाज मंडी में लगाई गई होम टैक्स टेक्सटाइल मशीनों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी में गैस बर्नरों के स्टॉलों पर उद्यमियों की भीड़ लगी रही। प्रदर्शनी इसी 11 मार्च को शुरू हुई थी और 12 मार्च को समाप्त हुई है। इसी प्रदर्शनी में अहमदाबाद की कंपनी सनटेक ने अपने ईटली से आयात किये गये गैस बर्नरों का स्टॉल लगाया हुआ था। जबकि पानीपत की चौटाला रोड स्थित कंपनी वर्ल्ड कंट्रोल्स व दिल्ली के नारायणा की कंपनी ने भारत में ही बने ऑयल एवं गैस बर्नरों के स्टॉल लगाये हुए थे। इन तीनों ही स्ट्रॉलों पर पानीपत शहर व बाहर से पहुंचे अनेकों उद्यमियों ने बर्नरों के रेट व क्वालिटी को लेकर इंक्वायरी की है। ईटली से आयात किये गये गैस बर्नर कुछ महंगे है लेकिन कंपनी के जीएम राजेश पाठक व नोर्थ जोन के मार्किटिंग मैनेजर हितेश रेड्डी का दावा है कि उनकी कंपनी के बर्नरों में गैस की सेविंग है और गैस भी कम लगती है। जबकि भारत में बने बर्नर ईटली वाले बर्नरों के मुकाबले सस्ते है।



### पानीपत की वर्ल्ड कंट्रोल्स कंपनी ने बनाया ईटली के मुकाबले बहुत सस्ता गैस बर्नर

**पानीपत** के चौटाला रोड पर स्थित वर्ल्ड कंट्रोल्स कंपनी द्वारा ईटली वाले एक बर्नर जैसा ही बर्नर बनाया गया है। कंपनी के एमडी विकास कुमार ने बताया कि ईटली के इस बर्नर को आयात करके यहां लेकर आने की लागत करीब 2.25 लाख रूपए आती है जबकि उनकी कंपनी द्वारा इसी तरह के बनाये गये ऑयल एवं गैस बर्नर की कीमत मात्र 75 हजार रूपए है। राजेश ने बताया कि उन्होंने इस बर्नर के कुछ पार्ट तो ईटली से आयात किये है और बाकि पार्ट यहीं पर बनाये गये है। यहां पर बनाये गये इस बर्नर के माडल को उद्यमियों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। कंपनी अब तक पानीपत, फरीदाबाद, गुरूग्राम, बहादुरगढ़, चंडीगढ़ व लुधियाना में इस माडल के बर्नर की सप्लाई कर चुकी है।

## विज ने ऑस्कर अवार्ड मिलने पर दोनों टीमों को बधाई दी

**अम्बाला ( मनीष कुमार)**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने 'आरआरआर' फिल्म के गाने "नाटू नाटू" और शार्ट फिल्म डॉक्यूमेंट्री में द एलिफेंट व्हिस्परर्स को ऑस्कर अवार्ड मिलने पर हार्दिक बधाई दी है। विज ने टवीट के जरिए बधाई देते हुए कहा कि देश को आप सब पर गर्व हैह्व। एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने ऑस्कर अवॉड्र्स 2023 में बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटिगरी में अवॉर्ड अपने नाम किया तो वहीं गुनीत मोंगा की डॉक्यूमेंट्री द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट' श्रेणी में ऑस्कर जीता। ऑस्कर अवॉड्र्स 2023 में भारत की मच रही धूम का जश्न सोशल मीडिया पर भी मनाया जा रहा है। गृह मंत्री अनिल विज ने दोनों फिल्मों की टीम को ऐतिहासिक जीत पर अपनी हार्दिक बधाई दी है। गौरतलब है कि इससे पहले जनवरी माह में "आरआरआर" फिल्म के सुपरहिट गाने "नाटू नाटू" को गोल्डन ग्लोब्स अवार्ड मिलने पर भी गृह मंत्री अनिल विज ने फिल्म निमार्ताओं, संगीतकारों और कलाकारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी थी।



## भूमि बचाने के लिए किसानों ने की 45 किलोमीटर की पदयात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**किसानों** द्वारा खरखौदा ब्लॉक में पिछले 2 दिनों में भूमि बचाओ पदयात्रा सिसाना, छिनौली, मटिण्डू, रोहणा, पिपली, थाना कलां, थाना खुर्द व तुर्कपुर गाँवों का दौरा कर चुकी है। सभी गाँवों में यात्रा को भरपूर समर्थन मिल रहा है। सभी गाँवों के किसानों ने 21 मार्च को डीसी आफिस सोनीपत के घेराव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का वायदा किया है। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि बीजेपी सरकार कृषि क्षेत्र को बर्बाद करने पर तुली है और सरकार शायद भूल गयी है कि जब कोरोना काल में अर्थव्यवस्था 28% कम हो गयी थी। उस समय कृषि क्षेत्र एकमात्र ऐसा क्षेत्र था जो 3.6% की दर से बढ़ रहा था। उन्होंने कहा कि जमीन हमारी माँ है और इसे औने-पौने दामों पर हम बिकने नहीं देंगे, चाहे जमीन बचाने के लिए कोई भी कुबार्नी देनी पड़े। उन्होंने कहा कि यदि वर्तमान बीजेपी सरकार हमारी मांगों को नहीं मानेगी तो आगामी चुनावों में बीजेपी को हराकर इन्हें सबक सिखाया जाएगा। पिछले 3 दिनों में 20 साल के नौजवान से लेकर 80 साल तक के बुजुर्ग लगभग 45 किलोमीटर पैदल चल चुके हैं। 80 साल के बुजुर्गों का कहना है यह यात्रा हम हमने बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए कर रहे हैं।



### 'पंजाबियों को जो पार्टी उनका अधिकार देगी पंजाबी उनके साथ खड़े होंगे'

**समालखा:** पंजाबी सोशल वेलफेयर के सदस्य सरदार जगतार सिंह बिल्ला ने हरियाणा प्रदेश के पंजाबियों को एकजुट होने की अपील करते हुए कहा है, की जो भी पार्टी पंजाबियों को उनका अधिकार देगी पंजाबी समुदाय उनके साथ खड़े होंगे। प्रेस वार्ता के माध्यम से उन्होंने कहा कि पंजाबी समुदाय की खासियत है कि वह छत्तीस बिरादर को एक साथ एकजुट रखने की क्षमता रखती है। बिल्ला ने कहा विधायक हो मंत्री हो या डीसी या विभिन्न श्रेणी के कर्मचारी पंजाबियों की संख्या घटती जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरी टीम के साथ समाज को जागरूक करने के लिए प्रदेश भर में बैठक करेंगे और बताएंगे कि पंजाबी समुदाय किन किन राजनीतिक नेताओं के वजह से आज हाशिए पर खड़ी है।

## जयसिंह पुरा में अवैध निर्माण किसकी शह पर

### मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के अधिकारी बने मूकदर्शक

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**शहर** में नक्शा स्वीकृत कराए बगैर व्यवसायिक और आवासीय निर्माण कार्य धड़ल्ले से चल रहे हैं जिनको मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण अवर अभियंताओं का संरक्षण प्राप्त है इससे जहां नियम और कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही वहीं सरकार को राजस्व की हानि हो रही है।
जानकारी के अनुसार मथुरा वृंदावन मार्ग पर स्थित जयसिंह पुरा में मुख्य मार्ग पर एक व्यवसायिक मॉल का निर्माण कार्य चल रहा है बताया जाता है भवन स्वामी के द्वारा किसी तरह का कोई मानचित्र मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण से स्वीकृत नहीं कराया गया है इस बहुमंजिला व्यवसाय मॉल को बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग सिंचाई विभाग और फायर ब्रिगेड से भी किसी प्रकार का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं लिया गया है कई बार इस निर्माणाधीन भवन में क्षेत्रीय अवर अभियंता मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण को भवन स्वामी के साथ बैठकर स्वल्पाहार करते हुए भी स्थानीय लोगों ने देखा है वही चर्चा है कि इस भवन का जो निर्माण करा रहा है उसकी राजनीतिक पकड़ बहुत मजबूत है यही कारण है सभी विभागों के अधिकारी अपनी अनैतिक छुदा पूर्ति कर मूकदर्शक बने हुए हैं इस संबंध में सभी विभागों से चार कदम आगे नगर निगम भी है नगर निगम के द्वारा भी इस अवैध निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है अवैध निर्माण के संबंध में सचिव विकास प्राधिकरण मथुरा वृंदावन से जानकारी करने का प्रयास किया तो उनसे ना तो मुलाकात हो सकी और नाही उनके फोन पर भी बात हो पाई देखना है। शासन और प्रशासन में बैठे वरिष्ठ अधिकारी इस तरह के अवैध निमार्णों को जो सरकार की नियम और कानूनों को है ठेंगा दिखा कर कराए जा रहे हैं उन पर समय रहते कार्रवाई हो पाएगी यह प्रश्न समय के गर्भ में है।

> 8 मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण अवर अभियंताओं का संरक्षण प्राप्त है इससे नियम और कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही

## 19 को पंचकूला में जुटेंगे देशभर के जाट कलवानिया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**अंतर्राष्ट्रीय** जाट संसद के संयोजक रामावतार पलसानियां, संयोजक पीएस कलवानियां व संसद हरियाणा के प्रतिनिधि डॉ.नवीन नैन ने आज राष्ट्रीय जाट अधिवेशन की तैयारियों को लेकर पानीपत में पत्रकार वार्ता की। इस दौरान जाट समाज के युवा व प्रबुद्ध लोगों से सामाजिक चेतना व समाज के उत्थान की बात कही। पत्रकारों को जानकारी देते हुए जाट संसद के संयोजक रामावतार पलसानियां ने बताया कि 19 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जाट अधिवेशन का ऐतिहासिक आयोजन इंद्रधनुष ऑडिटोरियम पंचकुला चंडीगढ़ में किया जाएगा। जिसमें देश भर के जाट समाज के लोग शिरकत करेंगे। हरियाणा प्रदेश मेजबान की भूमिका में हैं इसलिए समाज के लोगों को समारोह का निमंत्रण दिया जा रहा है वहीं तैयारियों की रूप रेखा भी बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जाट समाज राजनीतिक रूप से बहुत कमजोर हो गया है एक दौर हुआ करता था कि जाट समाज से चार से पांच केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री, चार-पांच राज्य मंत्री, दो प्रदेशों के मुख्यमंत्री, चार-पांच प्रदेशों के गवर्नर हमेशा रहे लेकिन पिछले दस से पंद्रह सालों में समाज में एकता की कमी से आज हालात इस कदर हो चुके हैं कि जाट समाज को नजरअंदाज कर प्रदेश और देश की सरकारें चलाई जा रही हैं। इन राजनीतिक चालों को समाज के युवा, बुजुर्गों और प्रबुद्ध लोगों को समझना पड़ेगा और समय रहते हुए इन षड्यंत्र का जवाब देना होगा और यह जवाब जाट एकता से ही दिया जा सकता है। पीएस कलवानियां ने बताया कि देश की कैबिनेट में एक भी जाट समाज का प्रतिनिधि नहीं है। समाज को फिर से एकजुट होकर प्रदेश व देश की सरकार को अपनी एकता की ताकत दिखानी होगी। इसी ताकत को दिखाने के लिए पंचकुला चंडीगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद द्वारा राष्ट्रीय जाट अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। वहीं जाट संसद हरियाणा के प्रतिनिधि डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि हरियाणा का जाट समाज राष्ट्रीय जाट अधिवेशन में मुख्य भूमिका निभाएगा और देश भर से आ रही जाट सरदारी का भव्य स्वागत हरियाणा प्रदेश की संस्कृति से किया जाएगा। अधिवेशन के लिए हरियाणा के प्रत्येक ब्लॉक व हेड क्वार्टर पर कमेटियां बनाकर कर आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियां कर जिम्मेदारियां लगा दी गई हैं।



### जेटसिंथेसिस की डिजिटल मनोरंजन शाखा ने महामृत्युंजय मंत्र के लिए संगीत वीडियो लॉन्च किया

**नोएडा।** पद्मश्री सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन - जेटसिंथेसिस की डिजिटल मनोरंजन शाखा ने महामृत्युंजय मंत्र के लिए संगीत वीडियो लॉन्च किया। इस महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा दर्शकों को वीडियो में गतिशील दृश्यों के साथ सोनू निगम द्वारा किए गए इस महान शक्तिशाली मंत्रोच्चारण में डूबने का मौका मिलेगा। महामृत्युंजय मंत्र एक 'मोक्ष' मंत्र माना जाता है जो अमरता और दीघार्यु प्रदान करता है, ऐसा माना जाता है कि महामृत्युंजय मंत्र का मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक और गहरा प्रभाव पड़ता है।महामृत्युंजय मंत्र की इस म्यूजिक वीडियो के बारे में बात करते हुए, सोनू निगम कहते हैं, "बाजार में कई महामृत्युंजय मंत्र पाठ हैं, लेकिन मैंने अभी तक इसका पूर्ण संस्करण नहीं सुना है। मैंने इस विषय पर कुछ शोध किया और पाया कि महामृत्युंजय मंत्र जो की २ भाग में होता है वह अपने दूसरे भाग के बिना अधूरा है। वही दूसरा भाग मैंने अपने संस्करण में शामिल किया है। मैंने इस महामृत्युंजय मंत्र को इसके सही अंकन और उच्चारण में पढ़ा है, जैसा कि मूल रूप से हमारे प्राचीन ऋषियों द्वारा कहा गया था। मेरे लिए पूर्ण संस्करण द्वारा निर्मित माहौल कल्पना से परे है।" लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए जेटसिंथेसिस के संस्थापक और सीईओ, राज ननवानी ने कहा, हम सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ यह संस्करण शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। हनुमान चालीसा की अद्भुत सफलता ने हमें अपने श्रोताओं के लिए इस तरह के और अधिक गहरे अनुभव लाने के लिए प्रोत्साहित किया है और हमें उम्मीद है कि दर्शक महामृत्युंजय मंत्र के प्रति भी अनुकूल प्रतिक्रिया देंगे।

### गाँव बरनाला के हेल्थ मेला आयोजित, जनता ने उठाया लाभ

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**प्रदेश** के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की विधानसभा क्षेत्र के गांव बरनाला में स्वास्थ्य विभाग अम्बाला द्वारा हेल्थ मेले का आयोजन किया गया। मेले का नेतृत्व सिविल सर्जन डॉक्टर कुलदीप सिंह ने किया। मेले में प्रवेश करते ही पंजीकरण काउंटर की व्यवस्था की गई इसके बाद हेल्प काउंटर पर बैठे स्टाफ ने मेले में आए लोगो को उनके पंजीकरण कार्ड के मुताबिक डॉक्टर तक पहुँचाया। मेले में बाल रोग विशेषज्ञ, मनोरोग विशेषज्ञ, सामान्य चिकित्सा, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक, कान गला रोग विशेषज्ञ, दांत रोग विशेषज्ञ, आहार विशेषज्ञ, आयुष्मान कार्ड काउंटर, दवाईयां, सर्जन ओपीडी, चमड़ी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, परिवार नियोजन साधन, आयुर्वेद फामेर्सी, होम्योपैथी फामेर्सी की व्यवस्था मरीजो के लिए रही।

## 'अगले एक माह में आप जोड़ेगी 10 लाख नये सदस्य'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सुखबीर मलिक ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय मिशन के तहत आप ने हरियाणा में सदस्य जोड़ो अभियान की शुरूवात की है। इस अभियान को लेकर पार्टी ने एक मिस कॉल नंबर 76500 88000 जारी किया है और इस नंबर पर मिस कॉल देने से लोग आम आदमी पार्टी से जुड़ सकेंगे। सुखबीर मलिक सोमवार को सनौली रोड स्थित आप जिला कार्यालय में ग्रामीण हलके के कार्यकताओं की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर राष्ट्रीय टीम के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि किस तरह से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। हरीश जोनी व डॉ दीपक चौहान ने कहा कि हर गांव व हर वार्ड के अध्यक्ष बनाने की प्रक्रिया पर जोर दिया जाना चाहिए। वहीं शाम को पूर्व जिला संगठन मंत्री राकेश चुघ ने पूर्व करनाल लोकसभा उम्मीदवार कृष्ण अग्रवाल के साथ मिलकर शाम को जीटी रोड स्थित विद्या वाटिका स्कूल प्रांगण में आयोजित शहरी हलके की मीटिंग में पानीपत शहर के सदस्यता अभियान की शुरूआत की। कृष्ण अग्रवाल ने कहा हरियाणा की जनता बदलाव चाहती है। राकेश चुघ ने कहा कि जनता आप से जुड? को तैयार है। हम लोग डोर टू डोर एवं स्थानीय चौकों पर कैंप लगाकर मिस कॉल अभियान की शुरूआत करे। इस अवसर पर दीपक बग्गा, हरीश बजाज, अनिल पांडे, देवन सलूजा, इकबाल पानीपति, नीलम प्रणामी, राजेंद्र राठी, रवि गोस्वामी, राजेश बुड़शाम, डॉ चौहान, राधेश्याम यादव, हरीश जानी, मनमोहन सिंह, शाकिर अली, राजेश, कुलवंत सिंह, जगबीर बैबल, अजीत जैन, प्रमोद शुक्ला, वरिंद्र आर्य, अमित, सचिन शर्मा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## डॉ० संतोष मांटा होंगी सिस्टर निवेदिता गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्य

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला।**
हिमाचल प्रदेश सरकार ने सोमवार को डॉ० संतोष मांटा को सिस्टर निवेदिता गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज का प्रधानाचार्य बनाया है। इससे पूर्व वह इस पद पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य को रूप मे कार्य कर रही थी ।आज प्रदेश सरकार ने इस बाबत आदेश जारी करते हुए उन्हें नर्सिंग कॉलेज का नियमित प्रधानाचार्य नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि सिस्टर निवेदिता गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज प्रदेश सरकार का सबसे बड़ा नर्सिंग कॉलेज है जहां बेसिक बीएससी, पोस्ट बेसिक बीएससी, एमएससी नर्सिंग सहित क्लिनिकल साईड के विभिन्न कोर्सिस पढ़ाए जाते हैं। उनकी विभागीय पदोन्नति बैठक 27 फरवरी 2023 को हुई थी जिसमें उन्हें सिस्टर निवेदिता गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्य पद पर तैनाती देने की सिफारिश सरकार से की गई थी। जिस पर आज हिमाचल प्रदेश सरकार ने आदेश जारी कर दिए। डॉ० संतोष मांटा इससे पूर्व इसी कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्य कर रही थी जिन्हें अब प्रोफेसर कम प्रिंसिपल के पद पर तैनाती दी गई है। डॉक्टर संतोष मांटा रोहडू तहसील के भमनोली गांव की रहने वाली है। उनका जन्म जिला शिमला के तहसील कोटखाई के क्यारी गांव में बागवान ध्यान सिंह शर्मा के घर में हुआ उनकी माता का नाम लीला देवी है। जबकि वह पूर्व कर्मचारी नेता रोशन लाल मांटा की पुत्रवधू है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कोटखाई के क्यारी हाई स्कूल से हुई।



## 'गर्मी में नागरिक पेयजल की किल्लत से परेशान न हों'

### अतिरिक्त मोटरों की व्यवस्था, मेन वाटर वर्क्स जाजल, मुरथल तथा सै0 23 में जनरेटरों की व्यवस्था भी दुरूस्त करें

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मुख्यमंत्री के** पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भीषण गर्मी की आशंका को देखते हुए वाटर वर्क्स की मोटरों, बिजली के कनैक्शन, अतिरिक्त मोटरों की व्यवस्था, मेन वाटर वर्क्स जाजल, मुरथल तथा सै0 23 में जनरेटरों की व्यवस्था भी दुरूस्त करें ताकि गर्मी में नागरिक पेयजल की किल्लत से परेशान न हों। राजीव जैन ने सोमवार को पार्षद हरि सैनी के साथ सबसे पहले मुरथल पम्प हाऊस का दौरा किया तो वहां ट्रांसफार्मर ना होने के कारण टयूबवैल बंद है, एक टयूबवैल का स्टार्टर खराब है और एक टयूबवैल चलाते हैं तो धुआं निकलता है। पम्प हाऊस में ना तो कोई आपरेटर मिला और सात में से केवल एक ही टयूबवैल चालू हालत में है। हाऊसिंग बोर्ड कालोनी स्थित बूस्टिंग स्टेशन पर पहुंचे तो पांच मोटरों में से दो ही चलती हैं, कुछ मोटरों के पंप खराब चल रहे हैं जिससे पानी की सप्लाई पूरी नहीं हो रही। इसी तरह मुखी नर्सिंग होम के साथ नये बने वाटर वर्क्स की मोटरों के हैड खराब हैं जिसके कारण पानी का डिस्चार्ज पूरे प्रैसर से नहीं बनता, ओल्ड वाटर वर्क्स ऋषि कालोनी में एक मोटर पूरी तरह बंद मिली और एक मोटर थोड़ी देर चलने के बाद बंद हो जाती है।



G20
उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
जेम पोर्टल के माध्यम से बोलीदाताओं को आमंत्रण

| जेम बिड संख्या | संक्षिप्त विवरण | कॉन्ट्रैक्ट अवधि | बिड बंद होने की तिथि |
| --- | --- | --- | --- |
| GEM/2023/B/3257391 | मुसाफिर ट्रांसपोर्ट सर्विस | 03 माह | 07 अप्रैल 2023 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी जेम वेबसाइट www.gem.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
जेम बिड संख्या : GEM/2023/B/3257391 780/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# शी जिनपिंग लगातार चीन की सत्ता मे मजबूती की ओर

**द** रिपब्लिकन ऑफ चाइना के मुखिया सी जिनपिंग अब अपनी सत्ता के तीसरे दौर में पहुंच चुके हैं, वे अब और मजबूत हो चुके हैं। उन्होंने अपने विश्वस्त साथी ली कियांग को को प्रधानमंत्री बनाया है। यह पोजीशन चीन में सत्ता के केंद्र में शी जिनपिंग के बाद के बाद दूसरे नंबर की ताकतवर पोस्ट है, उल्लेखनीय है कि ली कियांग को करोना काल में बुरी तरह असफल होने के बाद पूरी दुनिया में आलोचना का शिकार होना पड़ा था। अब उन्हें विश्व की दूसरी आर्थिक ताकत को फिर से पटरी पर लाने का जिम्मा सौंपा गया है' अपने विश्वस्त साथी को प्रधानमंत्री बना कर शी जिनपिंग चीन की सत्ता में और भी ताकतवर हो गए हैं। पड़ोसी देश होने के नाते भारत पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ने वाला है' वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी कि लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल में चीन की गतिविधियां विगत एक वर्ष से लगातार भारत को बेचैन करने वाली रही है, अब शी जिनपिंग के फिर से चीन के सदर हुक्मरान होने से ना सिर्फ भारत की विदेश नीति बल्कि अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, श्रीलंका, उत्तर, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश, तालिबान और अन्य पड़ोसी देशों पर भी इसका प्रभाव ज्यादा पड़ने वाला है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने तथा उनकी आक्रामक नीति का असर भारत चीन संबंधों पर निश्चित तौर पर पड़ेगा, क्योंकि भारत चीन के साथ लगभग 3500 किलोमीटर लंबी भूमि सीमा लगी हुई है। यह सीमा जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है, और दोनों देशों के बीच कभी भी सीमा का निर्धारण नहीं हो सकता है। सीमा निर्धारण के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा बनाई गई है पर इस वास्तविक नियंत्रण रेखा का कोई अपना बहुत गहरा प्रभाव नहीं है। शी जिनपिंग के विस्तार वादी मंसूबों और उसकी आक्रामक शैली के कारण सीमा पर विवाद बढ़ने की संभावना नजर आती है, यह तो तय है कि दोनों देश युद्ध नहीं करना चाहेंगे। भारत ने चीन की सीमा कानून को एक सिरे से खारिज कर उसकी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कड़ी निंदा की है। अब सी जिनपिंग की तीसरी पारी में भारत को यह बात खटक रही होगी कि चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा यथा स्थिति बदलने के कदम को सही ठहराने के लिए सीमा कानून नियम का उपयोग न करें, इसके अलावा दक्षिण चीन सागर तथा हिंद महासागर में चीन तथा अमेरिका के बीच सामरिक टकराव बढ़ने की आशंका है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने से अमेरिका के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है क्योंकि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पास 8 लाख सक्रिय सैनिक हैं, चीन ने सेना में खर्च होने वाला बजट भी 4 गुना कर दिया है, ऐसे में चीन आगामी वर्षों में ताइवान को अपने कब्जे में लेने का प्रयास करेगा। ताइवान की आजादी के लिए अमेरिका कृतसंकल्पित एवं कटिबद्ध है और यदि चीन ताइवान की आजादी में खलल डालने का प्रयास करेगा तो अमेरिका पीछे नहीं हटने वाला,फल स्वरूप चीन और अमेरिका में तनाव बढ़ने की पूरी संभावना है। चीन पहले से ही उत्तर कोरिया के मिसाइल कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने में लगा हुआ है ऐसे में अमरीकी प्रशासन के लिए यह विषय चिंता का होगा। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने से चीन, तालिबान, पाकिस्तान गठबंधन मजबूती प्राप्त कर वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं।

# बुढ़ापे में स्मृतिलोप का अंधेरा परिव्याप्त होने की आशंका

ललित गर्ग

> आज परिवार के वृद्धों से कोई वातालाप करना, उनकी भावनाओं की कद्र करना, उनकी सुनना, कोई पसन्द ही नहीं करता है. जब वे उच्छृंखल, उन्मुक्त, स्वछंद, आधुनिक व प्रगतिशील युवाओं को दिशा-निर्देशित करते हैं, टोकते हैं तो प्रत्युत्तर में उन्हें अवमानना, लताड़ और कटु शब्द भी सुनने पड़ जाते हैं। जटिल से जटिलतर होते वृद्धावस्था में स्मृतिलोप की समस्या से घिरे बुजुर्ग का जीवन नारकीय होने वाला है। वे अपने ही लोगों के बीच उपहास का पात्र बनेंगे। क्योंकि स्मृतिलोप से ग्रस्त बुजुर्गों में भूलने की समस्या पैदा हो जाती है। इससे गंभीर रूप से परेशान वृद्ध के लिए सामने खड़े व्यक्ति को पहचान पाना, दवा में भूल करना, किसी चीज को याद रखना भी मुश्किल हो जाता है। लेकिन जिन परिवारों में बुजुर्गों के प्रति पर्याप्त सम्मान, दर्द, प्यार और संवेदनशीलता बरत पाने वाले लोग होते हैं

**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान सहित दुनिया भर के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की ओर से किए गए शोध में यह बताया गया है कि आने वाले वक्त में भारत में साठ साल या उससे ज्यादा उम्र के एक करोड़ से भी अधिक लोगों के डिमेंशिया यानी स्मृतिलोप की चपेट में आने की आशंका है। घोर उपेक्षा एवं व्यवस्थित देखभाल के अभाव में बुजुर्गों में यह बीमारी तेजी से पनप रही है। भारत का बुढ़ापा एवं उम्रदराज लोगों का जीवन किस कदर परेशानियों एवं बीमारियों से घिरता जा रहा है, उससे ऐसा प्रतीत होने लगा है कि उम्र का यह पड़ाव अभिशाप से कम नहीं है। एक आदर्श एवं संतुलित समाज व्यवस्था के लिये अपेक्षित है कि वृद्धों के प्रति स्वस्थ व सकारात्मक भाव व दृष्टिकोण रखे और उन्हें वेदना, कष्ट व संताप से सुरक्षित रखने हेतु सार्थक पहल करे ताकि वे स्मृतिलोप या मतिभ्रम का भी शिकार न हो जाएं। वास्तव में भारतीय संस्कृति तो बुजुर्गों को सदैव सिर-आँखों पर बिठाने और सम्मानित करने की सीख देती आई है। जर्मन नेचर पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी कलेक्शन में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक सन 2050 तक भारत की कुल आबादी में साठ साल से ज्यादा उम्र वालों की तादाद करीब उन्नीस फीसद होगी। अगर एक करोड़ से ज्यादा बुजुर्ग स्मृतिलोप जैसी समस्या के शिकार हो जाएं, तो व्यापक पैमाने पर उनका सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन किस तरह की त्रासदी का शिकार होगा, इसका सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। यह शोध बुढ़ापे में एक और अंधेरा परिव्याप्त होने की विडम्बना को दर्शा रहा है। वृद्धावस्था जीवन की सांझ है। वस्तुतः वर्तमान के भागदौड़, आपाधापी, अर्थ प्रधानता व नवीन चिन्तन तथा मान्यताओं के युग में जिन अनेक विकृतियों, विसंगतियों व प्रतिकूलताओं ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक है वृद्धों की उपेक्षा। वस्तुतः वृद्धावस्था तो वैसे भी अनेक शारीरिक व्याधियों, मानसिक तनावों और अन्यान्य व्यथाओं भरा जीवन होता है और अगर उस पर उनमें स्मृतिलोप जैसी बीमारियों हावी होने लगेगी तो वृद्धावस्था अधिक दर्दभरा हो जायेगा। वैसे ही परिवार के सदस्य, विशेषतः युवा परिवार के बुजुर्गों/वृद्धों का ध्यान नहीं रखते, उनकी घोर उपेक्षा करते या उन्हें मानसिक संताप पहुँचाते है, तो स्वाभाविक है कि



वृद्ध के लिए वृद्धावस्था अभिशाप बन जाता है। इसीलिए तो मनुस्मृति में कहा गया है कि-ह्जब मनुष्य यह देखे कि उसके शरीर की त्वचा शिथिल या ढीली पड़ गई है, बाल पक गए हैं, पुत्र के भी पुत्र हो गए हैं, तब उसे सांसारिक सुखों को छोड़कर वन का आश्रय ले लेना चाहिए, क्योंकि वहीं वह अपने को मोक्ष-प्राप्ति के लिए तैयार कर सकता है।ह्र आधुनिक जीवन की विडम्बना है कि इसमें वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, उसकी आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलानी होगी। सुधार की संभावना हर समय है। कई बार देखभाल और संवेदना के अभाव से उपजी निराशा और पीड़ा बुजुर्गों को असमय ही कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के दुश्चक्र में डाल देती है। आमतौर पर लगभग सभी समाजों में बुजुर्गों के जीवन को आसान बनाने और उनका खयाल रखने के लिए सरकारों को विशेष योजनाएं बनानी पड़ती हैं, संस्कारी एवं जिम्मेदार परिवारों में अलग से उपाय किए जाते हैं। लेकिन यह भी सच है कि वृद्धावस्था में पहुंचे बहुत सारे लोगों को कई बार अपनों के हाथों भी उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है। ऐसे में उस स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है, जिसमें बहुस्तरीय मुश्किलों से जूझते बुजुर्ग स्मृतिलोप या मतिभ्रम का भी शिकार होंगे तो उनका जीवन कितना जटिल हो जाएगा। जरूरत है कि हम पारिवारिक जीवन में वृद्धों को सम्मान दें, इसके लिये सही दिशा में चले, सही सोचें, सही करें।

आज के आधुनिक परिवारों में एक सामान्य एवं स्वस्थ वृद्ध के प्रति जैसी उदासीनता एवं संवेदनहीनता देखने को मिलती है, वृद्धावस्था को बोझ की तरह देखने वाले परिवार इस स्मृतिलोप की समस्या से घिर जाने वाले अपने ही बुजुर्ग सदस्य के प्रति कैसा व्यवहार करेंगे, सोचकर ही सिहरन होती है। जबकि परिवार या उसके सदस्यों का सकारात्मक और संवेदनशील रवैया स्मृतिलोप की मुश्किल से घिरे किसी वृद्ध व्यक्ति के भीतर जीवन का संचार कर दे सकता है। मगर व्यवहार के स्तर पर संवेदनशीलता या फिर प्रशिक्षण के अभाव की व्यापक सामाजिक समस्या की वजह से बुजुर्गों का जीवन अपने आखिरी दौर में और ज्यादा मुश्किल हो जाता है। हकीकत तो यह है कि वर्तमान पीढ़ी अपने आप में इतनी मस्त-व्यस्त है कि उसे वृद्धों की ओर ध्यान केन्द्रित करने की फुरसत ही नहीं है। आज परिवार के वृद्धों से कोई वातालाप करना, उनकी भावनाओं की कद्र करना, उनकी सुनना, कोई पसन्द ही नहीं करता है. जब वे उच्छृंखल, उन्मुक्त, स्वछंद, आधुनिक व प्रगतिशील युवाओं को दिशा-निर्देशित करते हैं, टोकते हैं तो प्रत्युत्तर में उन्हें अवमानना, लताड़ और कटु शब्द भी सुनने पड़ जाते हैं।

जटिल से जटिलतर होते वृद्धावस्था में स्मृतिलोप की समस्या से घिरे बुजुर्ग का जीवन नारकीय होने वाला है। वे अपने ही लोगों के बीच उपहास का पात्र बनेंगे। क्योंकि स्मृतिलोप से ग्रस्त बुजुर्गों में भूलने की समस्या पैदा हो जाती है। इससे गंभीर रूप से परेशान वृद्ध के लिए सामने खड़े व्यक्ति को पहचान पाना, दवा में भूल करना, किसी चीज को याद रखना भी मुश्किल हो जाता है। लेकिन जिन परिवारों में बुजुर्गों के प्रति पर्याप्त सम्मान, दर्द, प्यार और संवेदनशीलता बरत पाने वाले लोग होते हैं, उनमें ज्यादा उम्र की अशक्तता के बावजूद किसी वृद्ध व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक सेहत बेहतर रहती है। कई बार देखभाल और संवेदना के अभाव से उपजी निराशा और पीड़ा बुजुर्गों को असमय ही कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के दुश्चक्र में डाल देती है। वृद्ध समाज कुंठित एवं उपेक्षित है। अपने को समाज में एक तरह से निष्प्रयोज्य समझे जाने के कारण वह सर्वाधिक दुःखी रहता है। वृद्ध समाज को स्मृतिलोप के दुःख और संत्रास से छुटकारा दिलाने के लिये ठोस प्रयास किये जाने की बहुत आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए और लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रयासरत है और वृद्ध कल्याण एवं सुखी जीवन-निर्वाह की योजनाएं लागू कर रहे हैं।

यह सच्चाई है कि एक पेड़ जितना ज्यादा बड़ा होता है, वह उतना ही अधिक झुका हुआ होता है यानि वह उतना ही विनम्र और दूसरों को फल देने वाला होता है, यही बात समाज के उस वर्ग के साथ भी लागू होती है, जिसे आज की तथाकथित युवा तथा उच्च शिक्षा प्राप्त पीढ़ी बूढ़ा कहकर वृद्धाश्रम में छोड़ देती है। जबकि ऐसे बुजुर्गों के शरीर की सीमा और क्षमता का ध्यान रखते हुए उन्हें हर तरह से आश्वस्त करना एक अनिवार्य मानवीय पहलू है। सच यह भी है कि स्मृति लोप जैसी समस्या के स्रोतों की पहचान, बेहतर खानपान के साथ-साथ शरीर और मन-मस्तिष्क की सक्रियता या व्यायाम आदि के सहारे वृद्धों को स्वस्थ जीवन देने का प्रयास होना चाहिए।

अगर ऐसी स्थितियां निर्मित की जाएं, जिसमें बुजुर्गों की रोजमर्रा की जिंदगी को खुश और सेहतमंद बनाए रखने के इंतजाम हों, तो उन्हें न केवल स्मृतिलोप जैसी कठिनाइयों से बचाया जा सकेगा, बल्कि उनके लंबे जीवन-अनुभवों का लाभ भी समाज और देश को मिल सकेगा।

## कविता

वृक्षों को दें सम्मान।
वृक्षों को दें सम्मान।
[ कविता ]
मत काटो इन्हें,
यह अपने हमसफर हैं,
योग्य और अनुभवी सन्तान हैं,
मददगार बनकर देता है सुकून,
मुश्किल वक्त में,
प्रेम रूपी वन में उमंग और उत्साह से सना
झरने की फुहार है,
सम्पूर्ण जीवन में खुशहाली लाने वाला,
अद्भुत और अलौकिक मिलन संसार है।
यह वर्षा की बसन्ती रानी है,
सबमें खुशियां देती है अपार है।
खुशियां बांटने में आगे बढ़ती हजार है।
प्रकृति ने हमें जीवन्त काव्य के रूप में,
ख्याति अर्जित करते हुए,
उन्नत संस्कार पाने की बड़ी जरूरत पूरी की है।
यही संस्कार आज हृदय में उतारनी जरूरी है।
हम सब मिलकर आज इस परिवेश में,
वृक्षों को बहुत दें रहें हैं सम्मान।
मानवीय मूल्यों को इस कारण खूब मिल रहा है,
हर पल हर क्षण सात्विक और सार्थक मान
और अभिमान।
ग्लोबल वार्मिंग के दौर में,
वृक्षों की अहमियत बढ़ गई है।
जनमानस को इसकी अहमियत दिखने लगी है।

डॉ अशोक

# प्रकृति की अनोखी टॉर्च हैं-'जुगनू' !

**प्रकृति** की अद्भुत और अनमोल देन है-'जुगनू।' हम सभी ने बचपन में कभी न कभी अपने गांव-देहात में, खेतों में पेड़-पौधों के झुरमुट, घास के आसपास जुगनुओं को जगमगाते हुए जरूर देखा है। हम जुगनुओं के साथ खेलें हैं, उनकी जगमगाहट ने हमें हमेशा आनंदित, उल्लासित किया है।अपने शरीर से दीप्ति या प्रकाश उत्पन्न करने वाला प्रकृति का यह अद्भुत कीट बच्चों, बूढ़ों, महिलाओं, जवानों सभी को अपनी तरफ जरूर आकर्षित करता है।वैसे,जुगनू शहर में भी दिखते हैं लेकिन इन्हें ज्यादातर गांव में ही देखा जाता है। ये अधिकतर रात के समय में ही चमकते हैं। हालांकि ये दिन में भी चमकते रहते हैं लेकिन हम उन्हें दिन के समय में देख नहीं पाते हैं। दरअसल, चमकने के हिसाब से नर और मादा दोनों जुगनू रात्रि के समय चमकते हैं, लेकिन नर जुगनू उड़ते हुए चमकता है। नर ऐसा इसलिए करता है ताकि वो मादा जुगनूओं को अपनी तरफ आकर्षित कर सके। आपको यह जानकर अत्यंत ही हैरानी होगी कि जुगनूओं के अंडे तक भी चमकते हैं।दिखने में यह एकदम पतले और दो पंख वाले होते हैं। ये जंगलों में पेड़ों की छाल में अपने अंडे देते हैं। इनके द्वारा उत्पन्न लाल,पीला, हरा प्रकाश हमारी आंखों में जब चमकता है तो हम यह सोचने के लिए मजबूर हो जाते हैं कि प्रकृति का वास्तव में कोई भी जवाब नहीं है, वह अनोखी, अद्भुत, अकल्पनीय है और रहस्यों से भरी हुई है। वैसे, जुगनुओं द्वारा प्रकाश रासायनिक क्रिया द्वारा उत्पन्न किया जाता है। इसमें अवरक्त और पराबैंगनी आवृत्तियाँ नहीं होतीं हैं। इनका शरीर बहुत ही नरम, मुलायम होता है और इन्हें 'बिजली के या चमक के कीड़े' भी कहा जाता है। इन्हें 'प्रकृति की टॉर्च' भी कहा जा सकता है। जुगनू तो इनका नाम है ही। वैसे,नर और मादा जुगनू की शारीरिक बनावट में एक खास अंतर होता है। नर जुगनू जहां उड़ते हुए चमक सकता है, वहीं मादा जुगनूओं के पास पंख नहीं होते हैं। इसलिए वो एक ही जगह पर चमकती रहती है। वैसे तो भारत में देहाती क्षेत्रों में भी काफी संख्या में जुगनू पाए जाते हैं, लेकिन अधिक रोशनी से चमकने वाले जुगनू अधिकतर वेस्टइंडीज और दक्षिणी अमेरिका में ही पाए जाते हैं। जानकारी देना उचित होगा कि इस कीड़े की खोज 1667 में रॉबर्ट बायल नाम के एक वैज्ञानिक ने की थी। जुगनुओं के बारे में लोगों में यह गलत धारणा है कि ये फॉस्फोरस के कारण चमकते हैं।जुगनू फास्फोरस की वजह से नहीं बल्कि ल्युसिफेरेस नामक के प्रोटीनों के कारण चमकते हैं।

जुगनू इस अपने द्वारा की गई रोशनी में अपने लिए खाना भी खोजते हैं और चमक पैदा कर अपने साथी को भी अपनी ओर आकर्षित करते हैं। जैसे ही हमारे मन-मस्तिष्क में जुगनू का नाम आता है तो 'हमारे हृदय' में 'चमक' या 'दीप्ति' कौंधने लगती है।

## विचार

# चीन में भयंकर दुर्दशा मुस्लिमों की

आर.के. सिन्हा

**बताया जा** रहा है कि एक-दूसरे के धुर विरोधी रहे सऊदी अरब और ईरान ने अपनी सारी पुरानी अदावतों को भूलकर दोस्ती करने का फैसला किया है। इन दोनों देशों को करीबी लाने का श्रेय अब हैरानी की बात यह है कि चीन को दिया जा रहा है। दरअसल सऊदी अरब में एक शिया मौलवी को 2016 में फांसी की सजा दी गई थी और इसी मुद्दे पर 2016 में सऊदी अरब और ईरान के कूटनीतिक संबंध खत्म हो गए थे। तब से ये दोनों देश एक-दूसरे के जानी दुश्मन बन गए थे। सऊदी अरब खुद को सरी दुनिया के सुन्नी मुसलमानों का रहनुमा मानता है और ईरान अपने को शिया मुसलमानों का। ऐसे में इन दोनों के कूटनीतिक रिश्ते बहाल करने के फैसले से सारी दुनिया कुछ हैरान तो अवश्य है। आप जानते हैं कि दोनों ही देश तेल उत्पादक देश हैं। दोनों ही देश अपने व्यवसायिक दिलचस्पी के वर्चस्व की लड़ाई लड़ते हैं। पर यहां एक जरूरी चिंता को नजरअंदाज किया जा रहा है। क्या सऊदी अरब तथा ईरान ने चीन से यह पूछने की हिमाकत करेंगे कि उनके देश चीन में मुसलमानों पर भीषण अत्याचार क्यों हो रहे हैं? वे कब थमेंगे? चीन ने अपने मुस्लिम बहुल शिनजियांग प्रांत में रहने वाले मुसलमानों को पूरी तरह से कसा हुआ है। उन्हें खान-पान के स्तर पर वह सब कुछ करना पड़ा रहा है, जो उनके इस्लाम धर्म में पूर्ण रूप से निषेध है। ये सब कुछ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के इशारों पर हो रहा है। पहले तो ये भी खबरें आ रही थीं कि चीन अपने देश के मुसलमानों क रमजान के दौरान रोजा रखने की भी अनुमति नहीं देता। इस सबके बावजूद ईरान, सऊदी अरब तथा इस्लामी दुनिया चीन में मुसलमानों पर हो रहे अत्याचारों पर चुप है। याद नहीं आता कि इन्होंने चीन में मुसलमानों पर हो रही ज्यादतियों पर एक शब्द भी विरोध का दर्ज नहीं किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन के शिनजियांग प्रांत में बने शिविरों में दस लाख से अधिक चीनी मुसलमानों के साथ लगातार जुल्म हो रहे हैं। सब इसलिए हो रहा है ताकि चीनी मुसलमान इस्लाम को छोड़कर कम्युनिस्ट विचारधारा को अपना लें। वे इस्लाम से दूर हो जाएं। पर समूचा इस्लामी संसार चीन के इस अत्याचार पर चुप है। यही नहीं, इस्लामिक देशों के संगठन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कांफ्रेंस (ओआईसी) की तरफ से भी चीन को ओआईसी के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में मेहमान शिरकत करने की दावत दी जाती है। ये निश्चय ही शोध का एक गंभीर विषय है कि चीनी दमन पर इस्लामिक संसार ने आंखों में पट्टी और कानों में रूई क्यों डाल रखी है? चीन अपनी इस सारी कवायद पर भारी-भरकम निवेश कर रहा है। वो मानता है कि ये शिवि? एक प्रकार से मानसिक अस्पताल ही हैं। इनमें वैचारिक रोग (आइडीअलाजिकल इलनेस) का इलाज होता है। चीन का मत है कि ये शारीरिक रोग जैसी ही स्थिति है। शिनजियांग को चीन का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा प्रांत माना जाता है। ये एक लाख 66 हजार वर्ग मील में फैला है। आप समझ सकते हैं कि यह कितना विशाल हैं। इसकी भी आबादी सवा दो करोड़ के आसपास है। दरअसल शिनजियांग में चीनी सरकार और यहां के वीगर मुसलमानों के लंबे समय से तनातानी चली आ रही है। वीगर मुसलमान भी भारत के कट्टर इस्लामपंथियों की तरह अपने को मध्य एशियाई देशों के करीब मानते हैं। ये सांस्कृतिक स्तर पर अपने को चीन के करीब नहीं मान पाते।

शिनजियांग पर कम्युनिस्ट चीन ने 1949 में पूरी तरह से कब्जा जमा लिया था। चीनी मुसलमानों की चीन सरकार से लगातार यह शिकायत रही है कि वे उनके बहुल वाले क्षेत्रों में चीनी मूल के नागरिकों, जिन्हें हान चाइनीज भी कहते हैं, को बसाने की चेष्टा कर रही है। जिसके चलते उनके समक्ष अपने ही क्षेत्र में अल्पसंख्यक होने का संकट पैदा हो गया है। अब इसी मुद्दे पर पड़ोसी पाकिस्तानी की राय भी जान लीजिए। पाकिस्तान, फलीस्तीन से लेकर रोहिंग्या मुसलमानों के हक में बोलता है, पर वह चीनी के मुसलमानों के मामले में मौन हो जाता है। उसे लगता है कि चीन से पंगा लेना खतरे से खाली नहीं होगा। चीन का नाम सुनते ही पाकिस्तान के उदारवादी तथा कट्टरपंथी अपनी बिलों में छिप जाते हैं। पाकिस्तान में इमरान खान ने देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद कहा था कि उनका देश चीन के साथ मधुर संबंधों को बनाकर रखना चाहते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**

**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**

**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आज के माहौल में बचपन को बाजार से सुरक्षित करने की जरूरत

**विजय गर्ग**

**हाशिये** पर जाते जीवन-तत्त्व, आज के माहौल में बचपन को बाजार से सुरक्षित करने की जरूरत

संस्कृतियां संस्कारों से बनती हैं, उन्हीं से पलकर पीढ़ी दर पीढ़ी चलती है और स्मृतियों पर अपने महल खड़े करती है। जिस रसायन से हमारी स्मृतियां बनीं, उन्हीं से अपने बच्चों को महरूम करके आखिर कौन-सा भविष्य उन्हें हम देने की कोशिश कर रहें हैं? जिन बच्चों के पास कोई स्थानीय स्वाद तक न होगा, उनकी स्मृतियों में भी वस्तुनिष्ठता आ जाए, तब भी कोई आश्चर्य नहीं। अफसोस तो इसका होना चाहिए कि इन सबके जिम्मेदार उनके सबसे प्रिय लोग होंगे! करीब दो दशक वर्ष पहले गांवों में आमतौर पर संयुक्त परिवार मिल जाते थे। परिवारों में हमउम्र कई बच्चे होते। बहुत सारे घरों में खानपान के मामले में विशेष रूप से नाश्ते जैसी कोई धारणा नहीं थी, लेकिन दिन में तीन बार खाना एक नियम की तरह था। कोई कहीं भी जाए, वक्त कुछ भी हो, हमेशा खाना खाकर ही जाते थे। ह्यबाहर खा लेंगेह्न जैसी संभावनाओं पर वहां विचार नहीं होता था। बच्चे गर्मी के दिनों में सात बजे सुबह विद्यालय जाते, तब तक खाना तैयार नहीं होने की वजह से रात का बचा खाना नाश्ते के तौर पर खाते। आधी छुट्टी में सुबह का खाना, फिर दोपहर में खाना खाया जाता। सर्दी में जब विद्यालय का समय साढ़े दस बजे सुबह से होता और साढ़े चार बजे पूरी छुट्टी के बाद घर आते तो बच्चे बहुत थके होते।

**दादी की रोटी की जगह ब्रेड ने ले ली**

हालांकि उस थकान के बावजूद उनकी जीवंतता कायम रहती। तब उनकी दादी सबके लिए चाय और लाल मिर्च की चटनी बनाकर तैयार रखतीं। जैसे ही वे पहुंचते, वे सुबह वाली रोटी को चूल्हे में अंगारों पर सेंककर उस पर चटनी लगाकर चाय के साथ खाने को देतीं और बगैर कोई सवाल-जवाब किए बच्चे उसे चट कर जाते। दरअसल, उस दौर में गांवों में ब्रेड या डबल रोटी का नाम उतना प्रचलित नहीं हुआ था। बच्चे किसी के मुंह से उसके बारे में सुनते तो बस कल्पना ही करते, क्योंकि तब आमतौर पर ऐसी चीजों का ग्रामीण किसानी परिवार में प्रवेश भी शायद ही कहीं था। आजकल बच्चों को हर चीज के साथ बाजार से लाए गए बोतलबंद चटनी लगाकर खाते देखकर ये स्मृतियां बहुत दूर और किसी हद तक काल्पनिक लगने लगती हैं।

# डैडी ऑन सेल

**डॉ. सुरेश कुमार**

**पिता** जी नौकरी से थक हारकर घर पहुँचे। घर पहुँचते ही भैया ने उनका लंच बॉक्स और बैग थाम लिया। पा ! ओ मॉय डियर पा !- भैया पिता जी को मक्खन लगाने लगे। पिता जी को आश्चर्य हुआ। बोले -हर समय मोबाइल में घुसे रहने वाला बेटा मुझ पर कैसे मेहरबान हो गया? लगता है बरखूरदार को मुझसे काम पड़ गया है।

काम? कैसा काम? क्या मैं आपका लंच बॉक्स और बैग भी नहीं थाम सकता?

थाम तो सकते हो लेकिन तुम्हें मोबाइल और टीवी से फुर्सत मिले तो न। चौबीस घंटे उसी में घुसे रहते हो। तुम्हें पता भी है, मैं नौकरी कब जाता और आता हूँ? पिता जी ने भैया को चिढ़ाते हुए पूछा। हाँ, क्यों नहीं। मेरे उठने से पहले आप जाते हैं और रात को कभी भी आ जाते हैं। यह सब छोड़िए न। कभी आपको लगा नहीं कि मेरे बेटे की कुछ जरूरतें होती हैं। उन्हें पूरा भी करना चाहिए?

अच्छा! इसका मतलब मैं तुम्हारी परवरिश नहीं कर रहा हूँ। तुम पेड़-पौधों की तरह हवा, पानी और सूरज की किरणों से बड़े होते जा रहे हो न?

फिर नहीं तो और क्या! क्या भिखारियों के बच्चे बड़े नहीं हो रहे हैं? बच्चों का पालन-पोषण तो हर माता-पिता की जिम्मेदारी होती है। है कि नहीं?

जुबान तो तुम्हारी कैंची की तरह चलती है। यही दिमाग कुछ पढ़ाई-लिखाई में लगाया होता तो चार-चार सब्जेक्टों के बैकलॉग लिये घर में बैठे नहीं रहते। यह सब छोड़ो। बताओ क्या काम है?

क्या पा! मुझे आपको यह भी बताना पड़ेगा कि मुझे आपसे क्या काम है? एक ही छत के नीचे रहते हैं। कम से कम इतना तो मालूम करना चाहिए कि किसकी क्या जरूरतें हैं? आपसे तो विक्की के डैडी अच्छे हैं, जो उसके बिना पूछे उसकी हर जरूरत पूरा कर देते हैं। हाँ बेटा! कहने को तो हम एक ही छत के नीचे रहते हैं, लेकिन एक ही छत के नीचे चूहों की तरह अपने-अपने बिल बना रखे हैं। जरूरत पड़ने पर ही बाहर निकलते हैं। मैंने घर में कमरे इसलिए बनाए कि सभी को अपनी स्वतंत्रता रहे। मुझे क्या पता था कि तुम कमरे को ही अपना एक अलग घर बना लोगे। हमेशा दरवाजा बंद रखते हो। अंदर क्या करते हो किसे पता।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 14 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## न्यूज फ्लैश

### ट्रिपल आईटी का स्थाई कैंपस जून तक तैयार, नये सत्र से कक्षाएं कोटा में

**कोटा:** शिक्षा नगरी कोटा को नये शैक्षणिक सत्र 2023-24 से ट्रिपल आईटी कोटा के रूप में विश्वस्तरीय पहचान मिलने जा रही है। यह राष्ट्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा संस्थान कुल 100.37 हैक्टेयर क्षेत्रफल में 128 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। इस कैम्पस के प्रथम चरण का निर्माण कार्य पीपीपी मोड में तेजी से चल रहा है। सीपीडब्ल्यूडी के अधिकृत सूत्रों के अनुसार, एकेडमिक व एडमिन ब्लॉक में 6 लेक्चर हाल, 16 लेबोरेट्री, 65 फैकल्टी ऑफिस, 200 सीटों वाले ऑडिटोरियम, 707 क्षमता के ब्वायज हॉस्टल व 144 क्षमता के गर्ल्स हॉस्टल, 200 क्षमता वाला कॉमन डायनिंग ब्लॉक, टाइप-3 व 4 के स्टाफ क्वार्टर, सड़कें व विशाल ग्रीन पार्क आदि निर्माण कार्य अगले तीन माह में पूरे कर लिये जायेंगे। इस वर्ष कोटा में जेईई-मेन,2023 की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को रैंक के अनुसार, त्रिपल आईटी कोटा में प्रवेश लेने का लाभ मिलेगा। इस राष्ट्रीय आईटी संस्थान के चालू होने पर आईटी क्षेत्र की कई कंसलटंसी कम्पनियां कोटा में निवेश करने की उम्मीद है। जिससे यहां का शैक्षणिक वातावरण और अधिक सुदृढ हो जायेगा।

### 'यातायात नियमों की पालना करें'

**हिसार।** जिला भर में किए सीलिंग प्लान के तहत हांसी पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने दो चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद किए वहीं अनेक वाहनों के कागजों में कमी पाए जाने पर उनका हजारों रुपयों का चालान किया। एडीजीपी श्रीकांत जाधव के निर्देशों पर पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत के नेतृत्व में हांसी पुलिस जिला में सोमवार को जबरदस्त चैकिंग अभियान चला। पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत ने खुद जिले के नाकों पर जाकर चेकिंग की और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन के बीच में पुलिस की मौजूदगी इस प्रकार की नाकाबंदी पुलिस द्वारा आमजन में सुरक्षा की भावना को बढ़ाती है। आम जनता पुलिस को सड़कों पर देखकर खुद को सुरक्षित महसूस करती है। सीलिंग प्लान के मुताबिक नाकाबंदी के दौरान हांसी पुलिस ने चोरीशुदा दो मोटरसाइकिल बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक ने वाहन चालकों से बात करते हुए उन्हें समझाया कि वे अपने वाहनों के पूर्ण कागजों के साथ व यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क पर चलें ताकि खुद व सड़क सुरक्षित रहें। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चैकिंग के दौरान 788 दो पहिया वाहनों को चैक करके वाहन चालकों के चालान किये गये। इनमें बिना हेलमेट के 10 चालान, बिना नंबर प्लेट के चार चालान, बिना हाई सिक्योरिटी की नंबर प्लेट के 12 चालान, ट्रिपल राइडर के चार चालान, बुलेट मोटरसाइकिल को इम्पाउंड करके उसका 33 हजार 500 रुपये का चालान किया गया है।

# 'जन आकांक्षाओं के अनुरूप ऊंचाइयां प्राप्त करेंगे'

## उत्तराखंड: विधानसभा के प्रथम बजट सत्र में राज्यपाल ने गिनाई सरकार की प्राथमिकताएं

**रोडमैप तैयार**

**राज्य सरकार के 25 वर्ष पूरे होने तक पूंजीगत व्यय में वृद्धि दर के साथ जीएसटी को दोगुना किया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**उत्तराखंड** राज्य की पंचम विधानसभा के बजट सत्र में राज्यपाल ने अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया और सरकार की प्राथमिकताएं गिनाईं। राज्यपाल ने भराड़ीसैंण के गैरसैंण (चमोली) में शुरू हुए विधानसभा के प्रथम बजट सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पंचम विधानसभा के वर्ष 2023 के बजट में हम आगामी वित्तीय वर्ष में जन आकांक्षाओं के अनुरूप नई ऊंचाइयां प्राप्त करेंगे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पटल पर 21वीं शताब्दी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बताते हुए कहा था कि राष्ट्र की पांच ट्रीलियन अर्थ व्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार के 25 वर्ष पूरे होने तक पूंजीगत व्यय में वृद्धि दर के साथ आगामी पांच वर्षों में जीएसटी को दोगुना किया जाएगा। राज्यपाल सदन में जैसे ही अपना अभिभाषण देने के लिए खड़े हुए तो विपक्षी दलों के विधायकों ने जमकर हंगामा शुरू कर दिया। राज्यपाल का अपने अभिभाषण की शुरूआत जयहिन्द से करने और जय उत्तराखंड के साथ इसका समापन करने से यह स्पष्ट है कि राज्यपाल उत्तराखंड को विशेष महत्व दे रहे हैं। इस दौरान राज्यपाल ने विपक्षी दलों से आग्रह किया कि वह उनके संभाषण को सुनें।

### सैनिकों के लिए बढ़ाई गई अनुदान राशि

**राज्यपाल** ने सैनिक कल्याण और पुनर्वास की चर्चा में कहा कि उत्तराखंड में पूर्व सैनिकों उनके आश्रितों के लिए नियुक्त ब्लाक प्रतिनिधियों के मानदेय छह हजार से बढ़ाकर 8 हजार कर प्रतिमाह कर दिया है। वीरता चक्र से अलंकृत सैनिकों की राशि एकमुश्त बढ़ाई गई है। परमवीर चक्र और अशोक चक्र की राशि 30 लाख से बढ़ाकर 50 लाख, महावीर चक्र व कीर्ति चक्र की राशि 20 लाख से बढ़ाकर 35 लाख, वीर चक्र व शौर्य चक्र की राशि 15 लाख से 25 लाख, सेना मेडल की राशि 7 लाख से बढ़ाकर 15 लाख व मेंशन इन डिस्पैच की राशि 3 लाख 50 हजार से बढ़ाकर 10 लाख कर दी गई है। पर्यटन विभाग में भी केदारनाथ, बद्रीनाथ मास्टर प्लान का प्रथम चक्र पूर्ण हो चुका है। दूसरे चरण की 21 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। आपदा प्रबंधन विभाग पर विशेष प्रयास हो रहा है।

### नई सोलर पॉलिसी पर कार्यवाही गतिमान

**ऊर्जा** और वैकल्पिक ऊर्जा की चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पिटकुल विद्युत पारेषण विद्युत उपलब्धता 99.67 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री की अपेक्षा के अनुसार वर्ष 2030 तक 500 जीडब्ल्यू (गेगावाइट) नवीकरणीय ऊर्जा और वर्ष 2070 तक नेट जीरो के लक्ष्यों के सापेक्ष राज्य में नई सोलर पॉलिसी पर कार्यवाही गतिमान है। उन्होंने कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग, समाज कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग समेत सभी विभागों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के अंतर्गत प्रमाणिकता के बाद खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है।

# इंफ्लूएंजा से बचने के लिए मास्क का प्रयोग करें: सतपाल



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**उत्तराखंड** में कोरोना काल जैसी स्थिति न बने इसके लिए सतपाल महाराज ने पर्यटकों से अनुरोध किया है कि वह मास्क का प्रयोग जरूर करें। सोमवार को गैरसैंण में मीडिया से बातचीत में सतपाल महाराज ने कहा कि इंफ्लूएंजा-ए के सब वेरिएंट एच3 एन2 के बढ़ते खतरे को देखते हुए इसकी रोकथाम के लिए जरूरी है कि सभी मास्क और सेनेटाइजर का प्रयोग करते हुए सरकार की जारी गाइडलाइन का पालन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष चारधाम यात्रा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है इसलिए इंफ्लूएंजा-ए के सब वेरिएंट एच3 एन2 के बढ़ते खतरे को देखते हुए पहले से ही एहतिहाती कदम उठाने जरूरी हैं। इंफ्लूएंजा-ए के सब वेरिएंट एच3 एन2 का खतरा लगातार बढ़ रहा है। इसलिए उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया है कि इसकी रोकथाम के लिए जरूरी है।

**सावधानी बरतें**

**एच3 एन2 के बढ़ते खतरे को देखते हुए इसकी रोकथाम के लिए जरूरी है कि सभी मास्क और सेनेटाइजर का प्रयोग करें**

# राजस्थान में दो पश्चिमी विक्षोभ से 21 मार्च तक मौसम रहेगा खराब

**जयपुर/टीम एक्शन इंडिया**
राजस्थान में इस सप्ताह मौसम का मिजाज बिगड़ेगा। सप्ताह में दो पश्चिमी विक्षोभ आने से आंधी और बारिश का दौर चलेगा। मौसम विभाग ने इसके लिए चेतावनी जारी कर दी है। राजस्थान के मौसम में बदलाव हुआ है। जयपुर, राजसमंद, अलवर, हनुमानगढ़ समेत कई जिलों में सोमवार सुबह बादल छाए रहे। वहीं, रात में गर्मी तेज का असर देखने को मिला। कई शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पहला पश्चिमी विक्षोभ 13-14 मार्च को सक्रिय होगा। इससे कारण जयपुर, बूंदी, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, सिरोही, जालौर, टोंक, बाडमेर, नागौर, पाली में आंधी के साथ हल्की बारिश होगी। दूसरा पश्चिमी विक्षोभ 16-17 मार्च को सक्रिय होगा। इसका प्रभाव चार दिनों तक रहेगा। इससे बांसवाड़ा, बारां, डूंगरपुर, झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, टोंक, हनुमानगढ़ जिलों में बारिश होगी।

# कांग्रेस नेता रंधावा ने खड़े किए पुलवामा हमले पर सवाल

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**कांग्रेस** प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने सोमवार को पुलवामा हमले को लेकर एक विवादित बयान देते हुए मोदी सरकार पर जुबानी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते है कि पाकिस्तान को घुसकर मारेंगे। पहले यह तो बताइए, पुलवामा कैसे हो गया। इसकी जांच करवाओ। कहीं, चुनाव लड़ने को तो ऐसा नहीं करवा दिया। आज तक पुलवामा हमले का पता नहीं चला। रंधावा सोमवार को केन्द्र सरकार की कथित क्रोनी कैपिटलिज्म नीति के विरोध में कांग्रेस की ओर से




राजभवन घेराव के दौरान सिविल लाइंस फाटक पर धरना और सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान रंधावा ने पीएम मोदी के खिलाफ तल्ख टिप्पणियां कीं। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी के लिए खूब खरी-खरी सुनाते हुए पायलट और गहलोत खेमों को भी नसीहत दी। रंधावा ने कहा कि हमारी लड़ाई अडाणी के साथ नहीं, भारतीय जनता पार्टी के साथ है। भाजपा को मारो। अडाणी-अंबानी साथ ही मर जाएंगे। जब कांग्रेस आए तो अडाणी अंबानी नहीं आने चाहिए। इन्हें जेल जाने चाहिए। हमारे कई लीडर इन्हें साथ लेकर नहीं चल पड़े, यह ध्यान रखना होगा। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि अगर कार्यकर्ता जिंदा है तो कांग्रेस जिंदा है। हमें कांग्रेस के लिए काम करना है। किसी व्यक्ति के लिए काम नहीं करना है। हम संस्था है, किसी के नाम पर कांग्रेस नहीं चलती, कांग्रेस के नाम पर कोई चलता है।

**रैलियां होंगी जोरदार**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते है कि पाकिस्तान को घुसकर मारेंगे। पहले यह तो बताइए, पुलवामा कैसे हो गया**

### मतदाता बनने के लिए नए पोर्टल पर करना होगा आवेदन

**भोपाल:** प्रदेश में 18 साल की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को मतदाता बनने के लिए नए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना करना होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सोमवार को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नागरिकों के लिए नया पोर्टल शुरू किया गया है। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर नागरिक आसानी से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे। साथ ही जो मतदाता पहले से वोटर हैं और उन्हें वोटर आईडी कार्ड में कोई संशोधन कराना है तो वे भी इस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आकर्षक फीचर्स वाला यह पोर्टल अत्यधिक सुविधाजनक भी है।



हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने कार्यालय कक्ष में सर्वदलीय बैठक के दौरान सता पक्ष तथा प्रतिपक्ष के सभी सदस्यों से सत्र के संचालन में रचनात्मक सहयोग देने की अपील की। गौरतलब है कि विधान सभा सचिवालय में अपराह्न 12:15 बजे सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नेता प्रतिपक्ष, जयराम ठाकुर, संसदीय कार्य मंत्री, हर्षवर्धन चौहान मौजूद थे।




# अजान पर पूर्व डिप्टी सीएम का विवादित बयान

**विवादित बोल**

**ईश्वरप्पा ने कहा कि क्या अल्लाह बहरा है, जो उन्हें बुलाने के लिए लाउडस्पीकर पर चिल्लाना पड़ता है**



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
कर्नाटक में विधानसभा चुनाव से पहले लाउडस्पीकर को लेकर कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा नेता के एस ईश्वरप्पा ने विवादित बयान दिया है। मंगलुरु में सोमवार को ईश्वरप्पा ने कहा कि क्या अल्लाह बहरा है, जो उन्हें बुलाने के लिए लाउडस्पीकर पर चिल्लाना पड़ता है। अजान की आवाज से मुझे सिरदर्द होता है। ईश्वरप्पा एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे, तभी पास की मस्जिद से अजान शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि मैं जहां भी जाता हूं, यह अजान मुझे सिरदर्द देती है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने वाला है, आज नहीं तो कल अजान का अंत हो जाएगा।

### नैनीताल में बढ़ी वायरल बुखार के रोगियों की संख्या

**टीम एक्शन इंडिया/नैनीताल**
**नैनीताल** में मौसम परिवर्तन के साथ अब वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। मुख्यालय स्थित बीडी पांडे जिला चिकित्सालय में ओपीडी में रोगियों की संख्या बढ़ गई है। जिला चिकित्सालय में रोजाना आ रहे करीब 500 रोगियों में से 25 से 30 फीसद तक रोगी वायरल बुखार से पीड़ित आ रहे है। इनमें बच्चों की संख्या भी काफी है। इनमें रोजाना 30 से 40 बच्चे भी शामिल हैं।

**कैग की सलाह**

## एआई को लेकर निष्पक्षता तथा निजता से संबंधित चिंताएं भी वाजिब

# 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जिम्मेदारी से उपयोग जरूरी'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आर्टिफिशियल** इंटेलिजेंस (एआई) का जिम्मेदारी से उपयोग करना जरूरी है। इस उभरती प्रौद्योगिकी में जहां 2030 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में 15,700 अरब डॉलर का योगदान देने की क्षमता है। दूसरी ओर यह निष्पक्षता तथा निजता से संबंधित चिंताएं भी पैदा करती है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीश चंद्र मुर्मू ने जी-20 देशों के सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थानों की गुवाहाटी में आयोजित बैठक के दौरान यह बात कही। राष्ट्रीय लेखा परीक्षक ने सोमवार को ह्यसुप्रीम ऑडिट इंस्टीट्यूशंस-20 के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि एआई का जिम्मेदारी से उपयोग करना जरूरी है। उन्होंने अपने संबोधन में भविष्य की वृद्धि और समुद्री अर्थव्यवस्था को टिकाऊ बनाए रखने के बीच संतुलन बनाने की जरूरत पर भी जोर दिया। मुर्मू ने कहा कि आज हम उस स्तर पर पहुंच गए हैं, जहां एआई 2030 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 15,700 अरब डॉलर तक का योगदान दे सकती है। उन्होंने कहा कि एआई सामाजिक-आर्थिक वृद्धि लाने में सक्षम है और इसका उपयोग देश एवं नागरिकों के लाभ के लिए किया जा सकता है। भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत समूह के सदस्य देशों के सर्वोच्च लेखा संस्थानों (एसएआई) का समूह एसएआई-20 के अध्यक्ष भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) हैं। असम के गुवाहाटी में आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, मिस्र, इंडोनेशिया, ओमान, दक्षिण कोरिया, रूस, सऊदी अरब, तुर्किये तथा संयुक्त अरब अमीरात के एसएआई और विश्व बैंक के दो प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं।